## अमित शाह ने जहाजों व बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए डेडिकेटेड 'ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी' गठन की समीक्षा की

# 'ब्यूरो ऑफ पोर्ट सिक्योरिटी' बनेगा वैधानिक निकाय

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जहाजों और बंदरगाहों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समर्पित बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो के गठन से संबंधित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री तथा केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने देशभर के बंदरगाहों के लिए एक सशक्त और प्रभावी सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। अमित शाह ने निर्देश दिए कि सुरक्षा उपायों को बंदरगाहों की व्यापारिक क्षमता, भौगोलिक स्थिति तथा अन्य संबंधित मानकों को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध और जोखिम-आधारित तरीके से लागू किया जाए।

बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो का गठन हाल ही में अधिनियमित व्यापारी नौवहन अधिनियम(मर्चेंट शिपिंग एक्ट), 2025 की धारा 13 के प्रावधानों के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय के रूप में किया जाएगा। इस ब्यूरो का नेतृत्व एक महानिदेशक करेंगे और यह केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के अधीन कार्य करेगा। यह जहाजों और बंदरगाह परिसरों में उपलब्ध सुविधाओं की सुरक्षा से जुड़े नियामक एवं निरीक्षण संबंधी दायित्वों का निर्वहन करेगा। यह ब्यूरो नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो की तर्ज पर स्थापित किया जा रहा है।

बंदरगाह सुरक्षा ब्यूरो का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा किया जाएगा, जिनका वेतन स्तर पंद्रह होगा। एक वर्ष की संक्रमण अवधि के दौरान, नौवहन महानिदेशक (डीजीएस/डीजीएमए) इस ब्यूरो के महानिदेशक के रूप में कार्य करेंगे।

यह ब्यूरो सुरक्षा से संबंधित सूचनाओं का समयबद्ध विश्लेषण, संग्रहण और आदान-प्रदान सुनिश्चित करेगा, जिसमें साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अंतर्गत बंदरगाहों की सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना को डिजिटल खतरों से सुरक्षित रखने के लिए एक समर्पित प्रभाग भी स्थापित किया जाएगा।

बंदरगाहों की सुरक्षा अवसंरचना को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को बंदरगाह सुविधाओं के लिए मान्यता प्राप्त सुरक्षा संगठन नामित किया गया है। इसकी जिम्मेदारी बंदरगाहों का सुरक्षा मूल्यांकन करना और सुरक्षा योजनाएं तैयार करना होगी।

इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को बंदरगाहों की सुरक्षा में संलग्न निजी सुरक्षा एजेंसियों को प्रशिक्षण देने और उनकी क्षमता निर्माण का दायित्व भी सौंपा गया है। इन एजेंसियों का प्रमाणीकरण किया जाएगा तथा यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नियामक उपाय लागू किए जाएंगे कि इस क्षेत्र में केवल लाइसेंस प्राप्त निजी सुरक्षा एजेंसियां ही कार्य करें। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि समुद्री सुरक्षा ढांचे से प्राप्त अनुभवों को विमानन सुरक्षा क्षेत्र में भी लागू किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने घोसी विधान सभा के दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह को श्रद्धांजलि दी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां उत्तर प्रदेश विधान सभा के शीतकालीन सत्र में घोसी विधान सभा के दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. सुधाकर सिंह का आकस्मिक निधन 20 नवम्बर, 2025 को हुआ था, जो हम सभी के लिए अत्यन्त दुःखद है। वह इस सदन के वरिष्ठ सदस्य थे तथा तीसरी बार विधान सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए थे। वह सर्वप्रथम वर्ष 1996 के मध्यावधि चुनाव में जनपद-मऊ के नत्थूपुर विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। तत्पश्चात वर्ष 2012 के सामान्य निर्वाचन तथा वर्ष 2023 के उपचुनाव में जनपद मऊ की घोसी विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. सुधाकर सिंह वर्ष 2012 से वर्ष 2017 तक विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे। वर्तमान में विधानसभा की पंचायती राज समिति के सदस्य थे। वह अपने क्षेत्र के लोकप्रिय नेता थे। समाज के गरीबों, वंचितों की सेवा एवं शिक्षा के प्रचार-प्रसार में उनकी विशेष रूचि थी। वह अनेक शिक्षण संस्थानों से जुड़े रहे। स्व. सुधाकर सिंह लोकतन्त्र सेनानी भी थे। आपातकाल के दौरान वह आजमगढ़ एवं लखनऊ के केन्द्रीय कारागार में बन्दी रहे। वह एक व्यवहार कुशल और लोकप्रिय जनप्रतिनिधि तथा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपने क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहे। उनके निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ और समाजसेवी को खोया है तथा समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने स्व. सुधाकर सिंह के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना तथा परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अध्यक्ष, विधान सभा से सदन की ओर से शोक संवेदना को दुःखी परिजनों तक पहुंचाने का अनुरोध किया।

विधान सभा के अन्य सदस्यों ने भी दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। सभी सदस्यों ने उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा। स्व. सुधाकर सिंह को श्रद्धांजलि देने के पश्चात विधान सभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी।

## महिला सशक्तिकरण से ही समग्र विकास का सपना होगा पूरा: भजनलाल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



धौलपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और इसके जरिए ही समग्र विकास का सपना पूरा किया जा सकता है। श्री शर्मा राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार को धौलपुर के पचगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार अपनी नीतियों एवं योजनाओं के माध्यम से महिला उत्थान के लिए निरंतर निर्णय ले रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को साकार करने में हमारी आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति में नारी शक्ति का सदैव सम्मान रहा है। शास्त्रों में भी कहा गया है जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की नारी शक्ति को सम्मान और गरिमा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने नारी शक्ति को राष्ट्रीय प्रगति का आधार बनाया है तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, स्वच्छता, वित्तीय समावेशन और नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने वाली नीतियां लागू की हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत पिछले 11 वर्षों में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। साथ ही, जल जीवन मिशन के तहत 13 लाख 59 हजार ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से समाज में बालिकाओं के प्रति भेदभाव की मानसिकता को समाप्त करने का काम किया है। इसी तरह उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि, लखपति दीदी तथा महिलाओं के जन धन खाते खोलने जैसी योजनाओं से महिलाओं का आर्थिक भविष्य सुरक्षित हुआ है।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भी हमारी सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और उनके सशक्तीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 19 लाख 45 हजार महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर 12 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई गई। साथ ही लाडो प्रोत्साहन योजना से अब तक 4 लाख 60 हजार बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इसी तरह 10 लाख 51 हजार साइकिलें और 39 हजार 586 स्कूटियां देकर बालिका शिक्षा को गति दी गई है।

उन्होंने कहा हमने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत दी जाने वाली 5 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया है। मा वाउचर योजना से अब तक 2 लाख 26 हजार महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। महिला सुरक्षा के लिए 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट तथा 65 एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन किया गया है।

## सुखना चो में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से आसपास के इलाके में फैली सनसनी

### पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 72 घंटे के लिए डेराबस्सी अस्पताल की मॉर्चरी में रखवाया

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। शहर से गुजरते सुखना चो में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक व्यक्ति का शव पानी में तैरता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय राहगीरों ने सड़क किनारे सुखना चो में शव को देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही जीरकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और एहतियातन पूरे क्षेत्र को घेर लिया। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाने की कार्रवाई शुरू की और साथ ही यातायात को नियंत्रित किया। घटना स्थल के पास मुख्य सड़क होने के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकालकर स्थिति को जल्द ही सामान्य कर दिया।

पुलिस द्वारा शव की प्रारंभिक जांच की गई, लेकिन मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। शव की हालत को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत कुछ समय पहले हुई होगी। पानी में अधिक देर तक रहने के कारण शव फूल चुका था, जिससे पहचान करना और भी मुश्किल हो गया। मौके पर किसी तरह के पहचान पत्र या अन्य सामान की बरामदगी नहीं हुई है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर डीएसपी गजल प्रीत कौर भी पहुंचे।

पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और पानी व आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि मृतक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि मामला हादसे का है या इसके पीछे कोई अन्य कारण छिपा है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति की गुमशुदगी की जानकारी हो या मृतक के संबंध में कोई सुराग मिले, तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

> शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर 72 घंटे के लिए डेराबस्सी अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया गया है। शव पानी में फूल गया था और उसके पास से कोई ऐसी वस्तु नहीं मिली, जिससे उसकी पहचान हो सके।
> **— बलराज सिंह,** जांच अधिकारी, जीरकपुर पुलिस

## कनाडा पीआर दिलाने के नाम पर 31 लाख की ठगी मामला ज़ीरकपुर की पार्षद समेत तीन को अग्रिम जमानत

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। कनाडा में स्थायी निवास (पीआर) दिलाने के नाम पर 31 लाख रुपये की कथित ठगी के मामले में ज़ीरकपुर की वार्ड नंबर 27 से पार्षद रीनू नेहरू, उनके पति पवन कुमार नेहरू और बेटे शुभम नेहरू को पंचकूला की अदालत से बड़ी राहत मिली है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बिक्रमजीत अरोड़ा की अदालत ने तीनों को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी।

यह मामला थाना सेक्टर-5, पंचकूला में दर्ज एफआईआर नंबर 357 दिनांक 9 दिसंबर 2025 से जुड़ा है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 316(2), 318(4) और इमिग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता हरजीत सिंह निवासी सेक्टर-2, पंचकूला ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उनके बेटे को कनाडा पीआर दिलाने का झांसा देकर 31 लाख रुपये नकद लिए।

शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने खुद को इमिग्रेशन क्षेत्र में प्रभावशाली संपर्कों वाला बताते हुए भरोसा दिलाया, लेकिन न तो पीआर से जुड़ी कोई वैध प्रक्रिया शुरू की गई और न ही संबंधित दस्तावेज कनाडाई अधिकारियों को भेजे गए। बाद में आरोपियों ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता से संपर्क तोड़ लिया, जिससे ठगी का शक गहराया।

वहीं, बचाव पक्ष ने अदालत में दलील दी कि यह मामला राजनीतिक रंजिश का नतीजा है। रीनू नेहरू एक निर्वाचित पार्षद हैं, जबकि शिकायतकर्ता भी नगर परिषद से जुड़ा बताया गया है। राजनीतिक मतभेदों के चलते झूठा केस दर्ज करवाया गया। बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि कनाडा पीआर एक प्वाइंट-आधारित प्रक्रिया है, जिसमें भाषा परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन और सरकारी औपचारिकताएं अनिवार्य होती हैं, जिनका इस मामले में कोई उल्लेख नहीं है। जांच के दौरान पुलिस ने अदालत को बताया कि 'आर.एस. इमिग्रेशन प्राइवेट लिमिटेड' नाम की कोई कंपनी अस्तित्व में नहीं पाई गई है। अदालत ने माना कि फिलहाल आरोपियों की कस्टोडियल पूछताछ जरूरी नहीं है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर अग्रिम जमानत देते हुए जांच में सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।

## कफ सिरप के वांछितों से रिश्ते स्पष्ट करें अखिलेश: ब्रजेश पाठक

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय



**लखनऊ।** कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोला है। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान पाठक ने कफ सिरप मामले में वांछित लोगों की सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ मौजूद तस्वीरें साझा करते हुए सवाल उठाया कि आखिर इन लोगों से सपा मुखिया के क्या रिश्ते हैं, इसे सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया जाना चाहिए।

श्री पाठक ने कहा कि सपा कफ सिरप मामले में वांछित लोगों को सम्मान देने का काम कर रही है। ये वही लोग हैं जो प्रदेश सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा समूह समाजवादी पार्टी से जुड़ा हुआ है और इनका संरक्षण सपा द्वारा किया गया है।

उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने पाप सरकार पर मढ़ने का प्रयास कर रही है, जबकि प्रदेश सरकार कफ सिरप मामले की निष्पक्ष जांच करा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जांच में जल्द ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के लोग प्रदेश को माफिया, भ्रष्टाचार, कदाचार और गुंडागर्दी की ओर धकेलते रहे हैं। अब उन्हें दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि भाजपा सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कानून का पालन कर रही है और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

वहीं एक अन्य बयान में ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर सनातन संस्कृति के विरोध का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सपा को वंदे भारत ट्रेन, श्रीराम, वृंदावन के बांके बिहारी, काशी विश्वनाथ और महाकुंभ से भी चिढ़ है। सनातन धर्म को सपा फूटी आंख से देखना नहीं चाहती और तुष्टिकरण की राजनीति की सारी हदें पार कर चुकी है।

## प्लास्टिक के खिलाफ जंग: आईपीसीए और किआ इंडिया ने घग्गर नदी तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



जीरकपुर। भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ (आईपीसीए) ने किआ इंडिया प्रा. लि. के सहयोग से 'प्लास्टिक के खिलाफ जंग' अभियान के तहत घग्गर नदी के तट पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह अभियान किआ इंडिया की सीएसआर पहल प्रोजेक्ट डी.आर.ओ.पी. (डिवेलप रिस्पॉन्सिबल आउटलुक टुवर्ड्स प्लास्टिक) के तीसरे चरण का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को रोकना और लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

अभियान का शुभारंभ हलका डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने किया। इस अवसर पर नगर परिषद जीरकपुर के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और स्वयंसेवक भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि नदियों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए ऐसे सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी हैं और उद्योगों व स्थानीय प्रशासन की भागीदारी से स्थायी बदलाव संभव है। किआ इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अतुल सूद ने कहा कि कंपनी सतत विकास और जिम्मेदार प्लास्टिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आईपीसीए की उप निदेशक डॉ. राधा गोयल ने बताया कि प्रोजेक्ट डी.आर.ओ.पी. अब आठ शहरों में सक्रिय है और वर्ष 2025 में 7,000 टन प्लास्टिक कचरा संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान घग्गर नदी को स्वच्छ रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## मंडल रेल प्रबंधक जम्मू ने किया रेल ब्रिज संख्या 17 व 137 का निरीक्षण



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

जम्मू। जम्मू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, विवेक कुमार द्वारा समय-समय पर स्टेशनों व रेल खंडों का विस्तृत निरीक्षण किया जाता हैं। ताकि निरीक्षण द्वारा यात्रियों की सुरक्षा, सुविधाओं और चल रहे विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया जा सके। हाल ही में, मंडल रेल प्रबंधक द्वारा जम्मू से पठानकोट कैंट के बीच रेल खंड का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रेलवे पुल संख्या 17, जो कठुआ और माधोपुर के बीच स्थित व रेलवे पुल संख्या 137 जो घगवाल और हिरानगर के बीच स्थित इन रेलवे पुलों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य, पिछले कुछ समय पहले आई बारिश के कारण क्षतिग्रस्त पुलों पर चल रहे, मरम्मत और बहाली कार्यों की प्रगति का जायजा लेना था, ताकि रेल परिचालन जल्द से जल्द पूरी तरह बहाल किया जा सके। यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, रेलवे प्रशासन ने पहले ही मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया था। जो की वर्तमान में सुचारू रूप से चल रहा हैं। अपने निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक, ने चल रहे मरम्मत कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए, संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को इसे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। अपने निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक, श्री विवेक कुमार ने बताया कि बरिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए, रेलवे पुल संख्या 17 व 137 का मरम्मत कार्य तेजी पर हैं, और इसे आने वाले समय में पुरा कर लिया जाएगा। ताकि रेल संचालन पूरी तरह सामान्य हो सके ।

## गाज़ीपुर रोड पर गिरा बिजली का खंभा, घंटों ठप रही सप्लाई

> पुराने खंभे बन रहे जानलेवा, बिजली विभाग की लापरवाही उजागर

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। गाज़ीपुर रोड पर आज सुबह करीब 6 बजे एक सीमेंट का बिजली का खंभा अचानक गिर गया, जिससे इलाके में लंबे समय तक बिजली सप्लाई पूरी तरह बाधित रही। खंभा गिरते ही बिजली की तारों का जाल सड़क पर फैल गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी, लेकिन विभाग की ओर से कार्रवाई में देरी देखने को मिली। करीब सुबह 10 बजे बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू किया। इसके बाद करीब 12 बजे जाकर बिजली सप्लाई बहाल हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में लगे बिजली के खंभे बेहद पुराने और जर्जर हालत में हैं, बावजूद इसके बिजली विभाग इन्हें बदलने या मरम्मत करने पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर कब तक हादसे होने के बाद ही विभाग जागेगा?

**पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे**

* कुछ दिन पहले लोहगढ़ मार्केट में भी बिजली का खंभा गिरने से घंटों बिजली बाधित रही।

* वहीं ज़ीरकपुर-पटियाला रोड, श्री नाभा साहिब गुरुद्वारा के सामने खंभा गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत भी हो चुकी है।

लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद बिजली विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। यदि समय रहते पुराने खंभों को नहीं बदला गया, तो भविष्य में इससे भी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

> इस बारे में जानकारी लेने के लिए जब बिजी विभाग के एसडीओ मोहन प्रीत को 5:54 पर कॉल किया गया तो उनका फोन निरंतर स्विच ऑफ आ रहा था। उसके पश्चात एसडीओ राकेश भाटिया को फोन किया गया जिन्होंने फोन नहीं उठाया।

## झारखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में चार दिवसीय विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक की शुरुआत

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में वर्ष 2025-26 मे विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं विद्यालयी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज से चार दिवसीय तृतीय विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) की शुरुआत हुई। इस अवसर पर अभिभावकों की सक्रिय उपस्थिति में छात्र नामांकन, नियमित उपस्थिति, विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, पीएम-पोषण योजना का आच्छादन, परीक्षाओं की तैयारी तथा रेल परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ सकारात्मक और सार्थक संवाद किया। बैठक का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय को मजबूत करना तथा विद्यार्थियों एवं विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना है। तृतीय विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक के पहले दिन आज चयनित 960 सरकारी विद्यालयों को छोड़कर अन्य सभी सरकारी विद्यालयों में नियमित पीटीएम आयोजित की गयी। 22 से 24 दिसंबर तक विशेष पीटीएम का आयोजन किया जाएगा, जिसमे जन प्रतिनिधियों के अलावा जिलों के उपायुक्त समेत अन्य वरीय शिक्षा पदाधिकारी भी शामिल होंगे। विशेष पी.टी.एम. राज्य के 960 चयनित सरकारी विद्यालयों (480 उच्च प्रदर्शन एवं 480 फोकस विद्यालय) एवं अन्य सभी सरकारी विद्यालयों में चार चरणों में आयोजित की जा रही है।

पंजाब सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन

# नई कृषि, डेयरी तथा मछली पालन सहकारी समितियों के लिए पंजीकरण शुल्क में भारी कटौती

**इस पहल से किसानों की आय बढ़ेगी तथा मिल्कफैड के सहकारी नेटवर्क को मिलेगी मजबूती**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** सहकारी क्षेत्र की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने नई कृषि, डेयरी तथा मछली पालन सहकारी समितियों के लिए पंजीकरण शुल्क में भारी कटौती की घोषणा की है।

इस संबंध में सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि कृषि, डेयरी तथा मछली पालन सहकारी समितियों के लिए पंजीकरण शुल्क, जो पहले 10,000/- रुपये निर्धारित था, उसे घटाकर अब मात्र 1,000 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस पहल से राज्य भर के उत्पादकों के लिए सहकारी समितियों का गठन काफी आसान हो जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि इस किसान-हितैषी फैसले से छोटे एवं सीमांत किसानों की अधिकतम भागीदारी को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी, जिससे वे एकजुट होकर उच्च प्रारंभिक लागत के बोझ का सामना किए बिना सहकारी समितियों का गठन कर सकेंगे। सहकारी क्षेत्र का विस्तार करने वाला यह नया कदम किसानों की आय बढ़ाने तथा पूरे प्रदेश में मिल्कफैड पंजाब के सहकारी नेटवर्क को मजबूत करने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने निरंतर समावेशी विकास तथा किसान सशक्तिकरण की महत्वता पर जोर दिया है। यह फैसला ग्रामीण आर्थिक विकास के स्तंभ के रूप में सहकारी संस्थाओं को प्रोत्साहित करने तथा किसानों के लिए संगठित मार्केटिंग प्लेटफार्मों तक पहुंच संबंधी बाधाओं को कम करके ग्रामीण जीवन का समर्थन करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

इसके अलावा, यह नवीन उपाय हर दूध उत्पादक के लिए पहुंच सुनिश्चित करके पंजाब के डेयरी सेक्टर को भी मजबूत करेगा क्योंकि सरकार द्वारा (ग्रामीण विकास विभाग) महिला स्वयं-सहायता समूहों को पशुओं की कीमत के 50 प्रतिशत (अधिकतम 60,000 रुपये) तक पशु खरीदने के लिए ऋण दिए जा रहे हैं।

इस प्रगतिशील सुधार से पंजाब सरकार ने एक बार फिर सहकारी लहर को प्रदेश में खुशहाली तथा आत्म-निर्भरता का आधार बनाने वाली अपनी सोच को प्रदर्शित किया है।

# भारतीय रिज़र्व बैंक ने लुधियाना में एमएसएमई टाउन हॉल मीटिंग का किया आयोजन

**एमएसएमई टाउन हॉल मीटिंग में लगभग 120 एमएसएमई उद्यमियों ने लिया भाग**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 19 दिसंबर।** भारतीय रिज़र्व बैंक ने लुधियाना में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एमएसएमई) उद्यमियों के साथ संवाद को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक एमएसएमई टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर विवेक श्रीवास्तव, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । कार्यक्रम में श्री पंकज सेतिया, महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, पंजाब ग्रामीण बैंक सहित अन्य बैंकों के उच्च अधिकारी, सिडबी, एमएसएमई-डीएफओ, जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), एनएसआईसी, उद्योग संघों के प्रतिनिधि सहित लगभग 120 एमएसएमई उद्यमियों ने भाग लिया। पंकज सेतिया ने कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए एमएसएमई उद्यमियों के साथ प्रत्यक्ष और सार्थक संवाद के महत्व पर प्रकाश डाला। विवेक श्रीवास्तव ने अपने उदघाटन संबोधन में एमएसएमई पारितंत्र को सुदृढ़ करने हेतु रिज़र्व बैंक द्वारा किए जा रहे सतत प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल), बिना जमानत ऋण, ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (TReDS), विशेष एमएसएमई शाखाओं की स्थापना, पुनर्गठन संबंधी दिशा-निर्देशों तथा यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस (यूएलआई) जैसी पहलों का उल्लेख किया, जिनसे लाखों उद्यमियों को समय पर एवं किफायती ऋण उपलब्ध कराने में सहायता मिली है । क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि इन पहलों का वास्तविक लाभ लक्षित लाभार्थियों तक सुनिश्चित रूप से पहुँचाने के लिए जागरूकता एवं प्रभावी प्रसार अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित प्रमुख सरकारी पहलों पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए, जिनमें क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), जीएस टी-सहाय, मुद्रा, पीएमईजीपी तथा एमएसएमई इकाइयों की ऋण प्रोफाइल सुदृढ़ करने हेतु हैंड-होल्डिंग सत्र शामिल थे। इसके अतिरिक्त, उद्यमियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए, जिसमें उन्होंने अपनी परिवर्तनकारी उद्यमशील यात्रा का वर्णन किया, जिससे प्रतिभागी अत्यंत प्रेरित हुए। कार्यक्रम में उद्यमियों द्वारा लगाए गए विशेष प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

# पंजाब में निकला कानून-व्यवस्था का जनाजा

**अज्ञात हमलावरों ने एक युवक को गोलियों से भून डाला**

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर/टांडा उड़मुड़।** -ऐसा लगता है जैसे पंजाब को किसी की नज़र लग गई है। राज्य में बिगड़े कानून-व्यवस्था का जनाज़ा लगातार जारी है और असामाजिक तत्वों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। हर दिन पंजाब के किसी न किसी इलाके से फायरिंग में युवाओं की मौत की खबर अखबारों की हेडलाइन बनी हुई है। अभी होशियारपुर जिले के हरियाणा भूंगा कस्बे में फायरिंग में एक युवक की मौत की खबर की स्याही सूखी भी नहीं थी कि आज फिर जिले के टांडा कस्बे के पास फायरिंग में एक युवक की मौत की खबर सामने आई है। होशियारपुर-टांडा स्टेट हाईवे पर अड्डा कालोया के पास बुलेट मोटरसाइकिल ठीक कर रहे एक युवक की देर शाम अज्ञात मोटरसाइकिल सवार लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक की पहचान बलजीत सिंह उर्फ बिल्ला, बेटे हरबंस लाल, निवासी गांव कंधाला शेख के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक, यह दुखद घटना गुरुवार देर शाम की है जब टांडा होशियारपुर स्टेट हाईवे पर अड्डा कालोया में मौजूद थे, तभी अचानक अज्ञात हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं।

उन्हें घायल हालत में टांडा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि कोई मेरे पास एक युवक को लेकर आया था जिसके सिर और शरीर के कई हिस्सों में गोलियां लगी थीं। उन्होंने कहा कि बाकी जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आ सकती है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरा पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच गया और आगे की जांच की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस हत्या की घटना से इलाके में डर का माहौल है।

# आईआईटी रोपड़ के निदेशक ने 'क्वांटम होराइजंस 2025' सम्मेलन में नोबेल पुरस्कार विजेता पैनल की अध्यक्षता की

**चेन्नई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में क्वांटम सामग्री, बुद्धिमान प्रौद्योगिकियों और सतत भविष्य पर वैश्विक वैज्ञानिकों के साथ किया नेतृत्वपूर्ण संवाद**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोपड़, 19 दिसंबर।** प्रो. राजीव आहूजा, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़, ने चेन्नई में आयोजित वैश्विक कार्यक्रम के सबसे प्रतीक्षित आकर्षणों में से एक–क्वांटम सामग्री और बुद्धिमान प्रौद्योगिकियों पर प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार विजेता पैनल चर्चा की अध्यक्षता करके 'क्वांटम होराइजंस 2025: मैटेरियल्स, इंटेलिजेंट टेक्नोलॉजीज एंड सस्टेनेबल फ्यूचर्स' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में महत्वपूर्ण नेतृत्व भूमिका निभाई। उच्च-स्तरीय पैनल में प्रख्यात वैज्ञानिक, उद्योग विशेषज्ञ और शैक्षणिक नेता एकत्रित हुए, और इसमें प्रो. मौंगी जी. बावेंदी, रसायन विज्ञान में 2023 के नोबेल पुरस्कार विजेता, जिन्हें क्वांटम डॉट्स में उनके अग्रणी योगदान के लिए मान्यता प्राप्त है, शामिल हुए। प्रो. आहूजा के नेतृत्व में, चर्चा ने क्वांटम सामग्री, बुद्धिमान प्रौद्योगिकियों, एआई एकीकरण और सतत वैज्ञानिक अनुप्रयोगों में अत्याधुनिक विकास का पता लगाया, और इस बात पर मूल्यवान दृष्टिकोण प्रस्तुत किए कि कैसे अंतःविषय अनुसंधान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार दे रहा है। यह सत्र सीमावर्ती अनुसंधान, क्वांटम प्रौद्योगिकियों में उभरते रुझान और विभिन्न क्षेत्रों में उनके परिवर्तनकारी प्रभाव पर विचार-प्रेरक विचारों के आदान-प्रदान के लिए विशिष्ट रहा। एक उल्लेखनीय आकर्षण चेन्नई के स्कूली छात्रों के साथ एक विशेष बातचीत थी, जिन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता और पैनलिस्टों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ाव किया–एसटीईएम, क्वांटम विज्ञान और उन्नत प्रौद्योगिकियों में करियर के बारे में प्रेरणा और अंतर्दृष्टि प्राप्त की। इस बातचीत ने युवा मन में वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने और आउटरीच पर सम्मेलन के जोर को मजबूत किया।

कार्यक्रम के दौरान, प्रो. राजीव आहूजा ने प्रो. मौंगी जी. बावेंदी का सम्मान किया, वैश्विक विज्ञान में उनके उत्कृष्ट योगदान का सम्मान करते हुए और उत्कृष्टता, जिज्ञासा और नवाचार के मूल्यों का जश्न मनाया जो परिवर्तनकारी अनुसंधान को प्रेरित करते हैं। क्वांटम होराइजंस 2025 में आईआईटी रोपड़ की सक्रिय भागीदारी उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी नवाचार में इसके बढ़ते नेतृत्व को दर्शाती है, विशेष रूप से क्वांटम विज्ञान, उन्नत सामग्री, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और अंतःविषय पहलों में जो मौलिक अनुसंधान को वास्तविक दुनिया के प्रभाव से जोड़ते हैं। संस्थान वैश्विक वैज्ञानिक संवाद को बढ़ावा देने और नवप्रवर्तकों की अगली पीढ़ी का पोषण करने के लिए प्रतिबद्ध है।

क्वांटम होराइजंस 2025 सम्मेलन का सह-आयोजन हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस और केसीजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया था, जिसमें भारत और विदेश के प्रसिद्ध मुख्य वक्ता, नोबेल पुरस्कार विजेता और विशेषज्ञ क्वांटम विज्ञान, बुद्धिमान प्रौद्योगिकियों और सतत भविष्य पर सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने के लिए एकत्रित हुए।

# गतका में ऐतिहासिक कदम : नीलम यूनिवर्सिटी और एन.जी.ए.आई. द्वारा गतका के विकास के लिए साझेदारी

**गतका को खेल ढांचे में विकसित करने हेतु एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर**

**रणनीतिक गठजोड़ से तैयार होंगे गतका के भावी चैम्पियन : ग्रेवाल**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 19 दिसंबर।** भारत की समृद्ध जंगजू विरासत गतका खेल को संस्थागत स्वरूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए एन.आई.आई.एल.एम. यूनिवर्सिटी कैथल और नेशनल गत्तका एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एन.जी.ए.आई.) ने गतका को एक संगठित और प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में बड़े पैमाने पर विकसित करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी गतका के सुनियोजित प्रचार, पसार, विकास और लोकप्रियकरण के लिए समर्पित है।

इस महत्वपूर्ण समझौते पर एन.आई.आई.एल.एम. (नीलम) यूनिवर्सिटी के चेयरमैन अमित चहल और एन.जी.ए.आई. के अध्यक्ष एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल की ओर से प्रतिनिधि के तौर पर उपाध्यक्ष सुखचैन सिंह कलसानी ने हस्ताक्षर करते हुए इस करार को औपचारिक रूप दिया। इस समारोह के दौरान यूनिवर्सिटी के निदेशक (खेल) नरेंद्र ढुल तथा हरियाणवी गतका एसोसिएशन के संयुक्त सचिव नरेंद्र पाल सिंह भी उपस्थित रहे जिससे इस दूरदर्शी पहल को क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत समर्थन मिला।

इस अवसर पर चेयरमैन अमित चहल ने कहा कि यह गठजोड़ छात्रों, खिलाड़ियों और अकादमिक शोधकर्ताओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों के द्वार खोलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास गतका को सांस्कृतिक प्रदर्शन की सीमाओं से आगे संगठित प्रतियोगिता और अकादमिक विमर्श के क्षेत्र में स्थापित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से एन.आई.आई.एल.एम. यूनिवर्सिटी वर्ल्ड गतका फेडरेशन के साथ औपचारिक रूप से जुड़ने वाले कुछ उच्च शिक्षण संस्थानों में से एक बन गई है जिससे स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने में हरियाणा की बढ़ती भूमिका को और अधिक मजबूती मिलेगी।

साझेदारी के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए गतका के संरक्षक एडवोकेट हरजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि यह एम.ओ.यू. गतका प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और अकादमिक अध्ययन को युनिवर्सिटी सत्र पर एकीकृत करने की रणनीतिक पहल है। उन्होंने बताया कि समझौते के तहत नीलम यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय स्तर की गतका गतिविधियों के लिए आधुनिक खेल का आधारभूत संरचना और संस्थागत सहयोग प्रदान करेगी जबकि नेशनल गतका ऐसोसिएशन तकनीकी विशेषज्ञता, प्रमाणित कोच और तकनीकी अधिकारी उपलब्ध कराएगी। इस के अलावा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन में सहयोग करेगी।

एन.जी.ए.आई. अध्यक्ष ग्रेवाल ने आगे कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से प्रतिभा की व्यवस्थित पहचान, तकनीकी अधिकारियों की क्षमता वृद्धि और शैक्षणिक एवं खेल मंचों के माध्यम से गतका के व्यापक प्रचार की परिकल्पना की गई है।

इसी भावना को दोहराते हुए हरियाणवी गतका एसोसिएशन के महासचिव सुखचैन सिंह कलसानी ने कहा कि नीलम यूनिवर्सिटी के साथ यह ऐतिहासिक सहयोग गतका को पुरातन जंगजू परंपरा और आधुनिक खेल विधा, दोनों के रूप में बढ़ती मान्यता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्वदेशी खेलों को संरक्षित करने और उन्हें समकालीन प्रासंगिकता देने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह एम.ओ.यू. भी उसी दिशा में एक निर्णायक कदम है।

# हिज़ के विद्यार्थियों ने जिले में हासिल किया प्रथम स्थान

**60 से अधिक स्कूल तथा 2500 विद्यार्थियों को पछाड़ते हुये हासिल किया प्रथम स्थान : डॉ.आशीष सरीन**

अर्थ प्रकाश/ तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 19 दिसंबर।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में करवाये गये सॉयनर्जी-5, 2025 में होशियारपुर के जिस में 60 से अधिक स्कूल तथा 2500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें यूनिवर्सिटी की ओर से अलग-अलग मुकाबले, क्विज़ मुकाबले, सलोग्न राईटिंग, गिद्दा, भांगड़ा तथा गरबा, पोस्टर मेकिंग तथा अन्य और भी कई अलग-अलग तरह के मुकाबले करवाये गये थे। इन मुकाबलों में शिक्षा की नर्सरी के तौर पर जाने जाते हिज़ एक्सीलैंट इंस्टीचियूट के विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रर्दशन करते हुये ओवरऑल ट्राफी के साथ विजयी रहे। इस खुशी के अवसर पर डॉ.आशीष सरीन (डायरैक्टर), माननीय गुरप्रीत सिंह बेदी (डायरैक्टर एडमिशन सैल) ने बच्चों को ओवरऑल ट्राफी के साथ बधाई दी तथा आगे से पढ़ाई के साथ-साथ बाकी अन्य मुकाबलों में हिस्सा लेने के लिये प्रेरित किया। इस खुशी के अवसर पर बच्चों के माता-पिता ने डॉ.आशीष सरीन का बहुत-बहुत धन्यवाद किया कि हिज़ एक्सीलैंट में आकर बच्चों को आई.आई.टी. तथा एन.ई.ई.टी. के क्षेत्र में स्थान हासिल करने के साथ-साथ अन्य खेल स्तर के मुकाबलों में भी हिस्सा लेने तथा स्थान प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया जाता है। डॉ.आशीष सरीन सर ने बच्चों को पढ़ाई के लिये प्रेरित किया तथा आगे बढ़ने के लिए कुछ ज़रूरी बातें भी बताई जोकि बच्चों के लिए आगे बढ़ने में बहुत ही लाभदायक साबित होती हैं। इसके साथ और बताते हुये डॉ.आशीष सरीर सर ने कहा कि हिज़ विद्यार्थियों के माता-पिता की पहली पसंद है क्योंकि हिज़ इंस्टीचियूट उनके बच्चों का संपूर्ण विकास करने में सक्षम है तथा साल दर साल वो उनहे बच्चों के भविष्य के सपनों को पूरा कर रहा है। इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता ने हिज़-इंस्टीचियूट के मेहनती स्टाफ का बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

# पंजाब मे रहि रहे सभी खूंखार गैंगस्टरों को अंडेमान-निकोबार की जेल में भेजा जाना चाहिए : निशांत शर्मा

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 19 दिसंबर।** आज शिव सेना हिन्द के मुख्य कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष निशांत शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए निशांत शर्मा ने राणा ब्लाचोरीया की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी ब्राड़ जैसे नाम आज पंजाब के लिए आतंक का पर्याय बन चुके हैं। इन गैंगस्टरों ने योजनाबद्ध तरीके से राणा बलाचौरिया, संदीप नंगल अंबियां, सिद्धू मूसेवाला को खत्म किया। यह सिर्फ हत्याएँ नहीं, बल्कि पंजाब की आत्मा, पंजाब की नौजवानी,उसकी संस्कृति और उसके भविष्य पर हमला है। निशांत शर्मा ने कहा कि गैंगस्टरों ने सबसे पहले पंजाब की खेल संस्कृति को निशाना बनाया ÷कबड्डी, जो पंजाब की पहचान है, उसे खून से रंग से दिया गया। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर कबड्डी और खेलों के असली दुश्मन बनते जा रहे हैं खिलाड़ियों को सरेआम गोलियों से कत्ल कर रहे है जो कि बेहद शर्मनाक बात है। उन्होंने कहा कि सभी गैंगस्टरो को अंडेमान-निकोबार की जेल में भेजा जाना चाहिए, केवल बिश्नोई ही नहीं बल्कि सभी खूंखार गैंगस्टरों को या तो एनकाउंटर करके मौत के घाट उतारा जाए या इन्हे अंडेमान की जेल में भेजा जाना चाहिए। क्यों कि यह सारे गैंगस्टर देश और समाज के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की जेलों में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई जैसे कई गैंगस्टर जेल में रहते हुए अपने गैंग को ऑपरेट कर रहे है। इस लिए लॉरेंस जैसे गैंगस्टरों को कालापानी भेजा जाना सब से बेहतर रहेगा। जहां से यह अपने गैंग को ऑपरेट नहीं कर सकेंगे। निशांत शर्मा ने कहा कि जेल में होते हुए भी वह जुर्म की दुनिया को आज भी अपने इशारों पर अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शिव सेना हिन्द पिछले लंबे समय से आंतकियों व गैंगस्टरों को आगाह कर रही है कि वह घुटने टेक कर सरेंडर कर दें। नही तो आंतकियों व गैंगस्टरों को पुलिस मौत के घाट उतार देगी। उन्होंने सरकार और पुलिस से मांग की कि एक महीने का अल्टीमेट दिया जाए जो गैंगस्टर सरेंडर नहीं करेंगे पुलिस उन्हें एनकाउंटर करके मौत के घाट उतार दें। शर्मा ने ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि गैंगस्टर खुद पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करें, वरना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। कानून अपना काम करेगा, लेकिन समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बैठक में ऐलान किया कि शिव सेना हिन्द के नेता व कार्यकर्ता जल्द ही पंजाब के अलग-अलग शहरों में सड़कों पर उतरकर तख्तियों के साथ जनजागरण करेंगे और गैंगस्टरवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष छेड़ेंगे।

# डीएवी स्कूल मूनक में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**मूनक, 19 दिसंबर (अप्रस/ दर्शन शर्मा)।** बाबू वृष भान डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल मूनक में प्रधानाचार्य श्री संजीव कुमार शर्मा जी की अगुवाई में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 17दिसंबर और 18 दिसंबर को आयोजित की गई। 17 दिसंबर को नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न दौड़ों में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस उत्साह की खुशी उनके चेहरों से साफ झलक रही थी।इस दौरान बच्चों के अभिभावक भी प्रतियोगिता में उपस्थित थे। 18 दिसंबर को तीसरी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए एक खेल आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता को सचारू रूप से करवाने के लिए श्री बलविंद्र सिंह तैराकी कोच , हरचरण सिंह कोच, हरप्रीत सिंह एथलीट कोच, मनदीप शर्मा एथलीट कोच का भी सहयोग लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्रीमती मधु बहल जी दूसरे दिन की मुख्य अतिथि थीं। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण और डी.ए. वी. गान के साथ खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।चारों हाउसों के छात्रों ने परेड के माध्यम से मुख्य अतिथि को सलामी दी। इंटर हाउस प्रतियोगिताओं में विभिन्न दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट और रीले दौड़ शामिल थीं। इस दौरान भी बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थी कर्मजीत सिंह विद्यार्थी सुखमनजोत कौर को बेस्ट एथलीट चुना गया। अंत में मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को सम्मानित किया।

# नौजवान वर्ग फजूल खर्च से बचे, लंबे निवेश पर फोकस करे : परमजीत सचदेवा

**लवली प्रोफैशनल युनिवर्सिटी में करवाया गया सेमिनार**

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 19 दिसंबर।** लवली प्रोफैशनल युनिवर्सिटी में छात्रों को फजूल खर्च से बचने और लंबा निवेश करने के विष्य पर करवाए गए सैमिनार में सचदेवा स्टाकस के एमडी परमजीत सिंह सचदेवा मुखय मेहमान के तौर पर पहुंचे जिनका युनिवर्सिटी में पहुंचने पर इस सेमिनार के आयोजक साहिल मिर्शा हैड आफ ईवंट स्टूडेंट कैरियर कमेटी स्कूल आफ कंप्यूटर सांइस एंड इंजी., किशन नाथ, सौहरदया बौंस अस्सिटैंट प्रोफैसर, सामी आनंद अस्सिटैंट प्रोफैसर की तरफ से स्वागत किया गया, इस मौके दिवयांशी रिलेशनशिप मैनेजर स्चदेवा सटाकस भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। अपने संबोधन में परमजीत सचदेवा ने छात्रों को फजूल खर्च से बचने की सलाह दी और धीरे-धीरे मयूचयूल फड में निवेश करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आज कई इस तरह के मंच सामने आ रहे है जो नौजवानों को जलद अमीर बनाने के सपने दिखा रहे है लेकिन रातो-रात अमीर होने का कोई फंडा नहीं होता, अगर आपने अपनी वैलथ को बढाना है तो आप लोगों को लंबे निवेश में आना पड़ेगा तभी आपके सपने साकार हो सकेंगे। परमजीत सचदेवा ने कहा कि मयूचयूल फंड में धीरे-धीरे और लंबे समय में किए जाने वाले निवेश के अच्छे नतीजे सामने आ रहे है, उन्होंने नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि जैसे ही उनकी नौकरी शुरू हो जाती है तब से ही फंड में निवेश करना शुरू करे और साल दर साल निवेश में कुछ इजाफा करते रहे, परमजीत सचदेवा ने कहा कि कुछ सालों के बाद आपकी तरफ से किए जा रहे निवेश के नतीजे सामने आने शुरू हो जाएगे। उन्होंने कहा कि मयूचयुल फंड में किए निवेश से कुछ सालों के बाद आप अपने सपने साकार होते देंखेगे। परमजीत सचदेवा ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर रातो रात अमीर बनाने के जो लोग सपने दिखा रहे है उनसे बचे तां जो आपकी और आपके परिवार की मेहनत की कमाई कही खराब ना हो जाए।

# जिला में आवारा कुत्तों पर नकेल कसने की तैयारी' उदयपुर में स्थापित किया जाएगा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर : उपायुक्त

'जिला प्रशासन ने पशुपालन, स्वास्थ्य व पंचायती राज विभाग के साथ की अहम बैठक, दिये जरूरी दिशा निर्देश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग(कुल्लू) 19 दिसंबर।** जिला लाहौल स्पीति में बढ़ती कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण स्थापित करने और व्यापक समाधान के लिए कार्य योजना तैयार करने को लेकर आज उपायुक्त लाहौल स्पीती किरण भड़ाना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला की लाहौल उपमण्ड़ल की सभी पंचायतों के पंचायत सचिवों सहित पशुपालन, स्वास्थ्य और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बैठक में कहा कि जिला के शहरी क्षेत्रों और विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या जनसुरक्षा, स्वच्छता के लिए गंभीर चुनौती बन रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जिला प्रशासन त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

उपायुक्त ने जिला के उदयपुर उपमण्डल में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए और कहा कि इस केंद्र के माध्यम से कुत्तों की आबादी को वैज्ञानिक और मानवीय तरीके से नियंत्रित किया जा सकें, इस पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस संदर्भ में एक प्रस्ताव विभाग के उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है और उदयपुर उपमण्डल में विभाग ने एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित कर ली है। उन्होंने कहा कि एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर स्थापित होने से बेसहारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण होने के साथ-साथ मनुष्य और जानवरों के बीच होने वाले संघर्ष में कमी आएगी तथा रेबीज समेत अन्य बीमारियों के प्रसार को रोकने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की स्थापना स्वीकृति मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी।

उन्होंने पशुपालक विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के जिन क्षेत्रों में डॉग बाइट की घटनाएँ अधिक होती हैं उन्हें चिन्हित की जाए और इन क्षेत्रों में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर डॉग स्टरलाइजेशन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने पशुपालन विभाग को जिला में बंद हुए स्कूलों के भवनों का कुतों की नसबंदी के पश्चात अस्थाई तौर पर डॉग शैल्टर के रूप में प्रयोग करने के लिए चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डॉग शैल्टर में जबतक कुतों को रखा जाए उन दिनों में कुतों के भोजन की व्यवस्था पंचायत करेगी।

### बच्चों को ऐसे कपड़े पहनाकर रखें ताकि उनका पूरा शरीर ढ़का रहे

उन्होंने विभिन्न विभाग के अधिकारियों को जिला की सभी पाठशालाओं में जाकर के विद्यार्थियों को कुतों से बचाव व सुरक्षा करने के उपाय व तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि विद्यार्थी कुतों से अपना बचाव करना सीख सकें। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया है कि वह बच्चों को ऐसे कपड़े पहनाकर रखें ताकि उनका पूरा शरीर ढ़का रहे। उन्होंने पथ परिवहन निगम के अधिकारियों को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण से समन्वय स्थापित कर बस अडडों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए निर्देश दिए कि ताकि आवारा कुतों को बस स्टैंड पर खाने की सामग्री ना मिले। उन्होंने जिला में शिक्षा विभाग को सभी पाठशालाओं, स्वास्थय विभाग के सभी स्वास्थ्य संस्थानों, युवा सेवाएँ एवं खेल विभाग के सभी परिसरों, पथ परिवहन निगम को सभी बस अडडों को चार दिवारी लगाने के निर्देश दिए तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि इन विभागों के संस्थानों के परिसरों में सहित आवारा कुते ना हों और स्वच्छता बनाए रखने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए।

# व्यवस्था परिवर्तन का मतलब ठेकेदार ट्रांसफर पॉलिसी नहीं : जयराम ठाकुर

## पेखुबेला पार्ट 02 की कोशिश में सरकार, सहयोग ने करने पर अधिकारी को सबक सिखाते ठेकेदार

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 19 दिसंबर।** शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में ऐसा लग रहा है कि पेखु बेला पार्ट 2 की तैयारी चल रही है। अब सरकार के फैसले, लोक सेवकों के स्थानांतरण प्रदेशवासियों के हितों को ध्यान में रख कर लेने की बजाय ठेकेदारों की सहूलियत के हिसाब से लिए जा रहे हैं। प्रदेश में ठेकेदार सपोर्ट ट्रांसफर पॉलिसी चल रही है। सुखद बात यह है कि सरकार की इस मनमानी पर माननीय हाई कोर्ट ने रोक लगाई और सरकार के व्यवस्था परिवर्तन को आईना दिखाए। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था पतन की यह दास्तान देखने में जितनी रोचक है इसके तार उतने गहरी ही जुड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। जिस तरह से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सुक्खू सरकार के भ्रष्टाचार का प्रतीक बनी पेखुबेला की परियोजना प्रदेश के एक चीफ इंजीनियर के स्तर के अधिकारी की मौत की वजह बनी इसी तरह से धर्मशाला के एक परियोजना अधिकारी द्वारा सोलर प्रोजेक्ट के मामले में ठेकेदार से सख्ती दिखाने पर सरकार द्वारा ठेकेदार पर कार्रवाई करने की बजाय अधिकारी का ही चंबा तबादला कर दिया गया। ठेकेदारों और भ्रष्टाचार का समर्थन कर रही सरकार ठेकेदारों के मन माफिक काम न करने वाले अधिकारियों को प्रताड़ित करती है।

जयराम ठाकुर ने कहा इस मामले में भले ही हाई कोर्ट ने अधिकारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुख की सरकार के स्थानान्तरण फैसले को रद्द कर दिया हो लेकिन समय पर प्रोजेक्ट पूरा न कर रहे ठेकेदार को एक नोटिस देना किसी भी अधिकारी को कितना भारी हो सकता है यह मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को बता दिया है। कार्य समय से पूरा नहीं होता है तो अधिकारी नोटिस देते हैं बदले में ठेकेदार को काम समय से पूरा करना होता है और उस पर पेनल्टी लगाई जाती है, यह व्यवस्था की बात है। लेकिन व्यवस्था परिवर्तन में यदि परियोजना से जुड़े अधिकारी ठेकेदार को काम सही से और समय से करने को कहें तो ठेकेदार मुख्यमंत्री को सीधे पत्र लिखकर कहता है कि इस अधिकारी को सबक सिखाओ और अगले दिन अधिकारी को दूर दराज के जिलों में भेज कर सबक सिखा दिया जाता है। मैं पहले भी यह कह चुका हूं और आज भी कह रहा हूं कि प्रदेश को ऐसा व्यवस्था परिवर्तन नहीं चाहिए जो भ्रष्टाचार को न सिर्फ जन्म देती हो बल्कि उसका पालन पोषण और संरक्षण करती हो। यह घटना एसपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर विमल नेगी के मौत के समय के परिस्थितियों जैसी ही है। जहां ठेकेदार को सरकार संरक्षण दे रही थी और अधिकारियों पर गलत तरीके से ठेकेदारों को भुगतान करने का दबाव बना रही थी।

जय राम ठाकुर ने कहा कि सुविधा शुल्क, सहूलियत के अधिकारी और मित्र मंडली की वजह से इस सरकार में ठेकेदारों का भी दो समूह बन गया है। समूह जो पूर्व में किए गए भुगतान के लिए प्रदर्शन करने अधिकारियों के चक्कर लगाने उनके सामने गिड़गिड़ा ने नेताओं से सिफारिश कर रहा है और दूसरा समूह मन माफिक सहयोग न मिलने पर रातों-रात अधिकारियों को इस जगह से उसे जगह फेंकवाने का काम कर रहा है।

# गेहूं के आटे के सुदृढ़ीकरण को मजबूत करने पर राज्य स्तरीय कार्यशाला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 19 दिसम्बर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट (केएचपीटी) तथा ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन (जीएआईएन) के सहयोग से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीडीपीएस) में गेहूं के आटे के सुदृढ़ीकरण को मजबूत करने पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव आर. डी. नजीम ने मुख्य संबोधन में पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने संस्थागत सुदृढ़ीकरण, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा सतत् तकनीकी सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि सुदृढ़ीकरण कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उन्होंने गेहूं के आटे के सुदृढ़ीकरण पर एक व्यापक नीति दस्तावेज का भी विमोचन किया, जो राज्य में भविष्य की कार्यान्वयन रणनीतियों का मार्गदर्शन करेगा।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक राम कुमार गौतम ने कहा कि राज्य गुणवत्तायुक्त सुदृढ़ीकृत गेहूं के आटे के माध्यम से टीपीडीएस को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे कमज़ोर वर्गों की पोषण सुरक्षा में सुधार होगा।

केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक सुरेश सखारे ने तकनीकी सत्रों का संचालन किया। इन सत्रों में गेहूं के आटे के सुदृढ़ीकरण से जुड़े तकनीकी पहलुओं, नवाचारों तथा सर्वोत्तम प्रथाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

जीएआईएन की प्रिया भट्टाचार्य और केएचपीटी की मिहिका वखलू ने प्रक्रिया दस्तावेज़ के प्रमुख निष्कर्ष प्रस्तुत किए। उन्होंने कार्यक्रम के क्रियान्वयन ढांचे पर महत्त्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं तथा सुदृढ़ीकरण कार्यक्रमों की सफलता के लिए अनुमोदन प्रक्रियाओं और हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के महत्त्व को रेखांकित किया।

कार्यशाला में जिला स्तर के अधिकारियों, मिल संचालकों तथा टीपीडीएस से जुड़े अन्य प्रमुख हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और सुदृढ़ीकरण के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चुनौतियों एवं सुझावों पर विचार-विमर्श किया।

# विंटर कार्निवाल 20 जनवरी से : भुवनेश्वर गौड

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**मनाली (कुल्लू) 19 दिसंबर।** पर्यटन नगरी मनाली में राष्ट्रीय स्तर का विंटर कार्निवाल-2026 आगामी 20 जनवरी से 24 जनवरी तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्निवाल की तैयारियों को लेकर मनाली प्रशासन ने कमर कस ली है और इसी कड़ी में बुधवार को एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने की बैठक में विंटर कार्निवाल के दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गतिविधियों और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्निवाल को सफल और आकर्षक बनाने के लिए सभी तैयारियाँ समय पर पूरी की जाएँ।

विधायक ने बताया कि इस वर्ष विंटर कार्निवाल को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक कलाओं को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कार्निवाल के दौरान बर्फबारी होती है तो सैलानियों के लिए अतिरिक्त गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को यादगार अनुभव मिल सके।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर विंटर कार्निवाल से संबंधित सभी जानकारियाँ उपलब्ध करवाई जाएँगी, जिससे देश-विदेश से मनाली आने वाले पर्यटक अपनी यात्रा की बेहतर योजना बना सकें और कार्निवाल का आनंद उठा सकें।बैठक में कार्निवाल से जुड़े दर्जनों प्रतिनिधियों के साथ-साथ उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रमण शर्मा, तहसीलदार अनिल राणा, थाना प्रभारी मुनिश शर्मा, नग्गर ब्लॉक अधिकारी मुकेश, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।प्रशासन और आयोजकों के बीच बेहतर समन्वय से इस बार विंटर कार्निवाल को और भव्य एवं व्यवस्थित रूप देने की तैयारी की जा रही है, जिससे मनाली की पर्यटन पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिलेगी।

# सटींगरी में 10 लाख से बने आंगनबाड़ी भवन का हुआ उद्घाटन

भवन में बच्चों को बेहतर शिक्षा और पोषण की मिलेंगी सुविधाएं : अनुराधा राणा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**केलांग (कुल्लू) 19 दिसंबर:** विधायक अनुराधा राणा ने लाहौल के ग्राम पंचायत युरनाथ के सटींगरी गांव में 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित नए आंगनबाड़ी भवन का शुक्रवार को विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भवन का निरीक्षण किया और आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत नींव होते हैं। नए भवन के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में शिक्षा व पोषण संबंधी सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए विधायक का आभार जताया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविन्द्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्ञालछन ठाकुर, सीडब्ल्यूसी चेयरमैन शशी किरण, बीडीसी चेयरमैन विपन शाशनी, जिला परिषद सदस्य दोरजे लारजे,बी डी सी सदस्य टशी केसांग, ग्राम पंचायत युरनाथ के प्रधान विजय आनंद, ग्राम पंचायत दारचा के प्रधान अशोक, उप प्रधान मूलिंग सुशील कुमार, उप प्रधान खंगसर अनिल,उप प्रधान लोट सुरेन्द्र,एडवोकेट नौरबू बौद्ध सहित फुंचुक, छेरिंग दौरेजे तंडुप ,सोनम छेरिंग,पामा बौद्ध और अन्य गणमान्य महिला व पुरुष मौजूद रहे।

# फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के तहत लोअर भंजाल में महिला सशक्तिकरण को मिलेगी नई दिशा



अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 19 दिसंबर।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण-दो के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा ग्राम पंचायत लोअर भंजाल में महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस उप-परियोजना के तहत स्थानीय महिलाओं को संगठित कर एक स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया, जिससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया जा सके।

स्वयं सहायता समूह का गठन कृषक विकास संघ के प्रधान बालकृष्ण की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के उद्देश्य, उनके दीर्घकालिक लाभ और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही, महिलाओं को समूह के माध्यम से बचत की आदत विकसित करने, स्वरोजगार के अवसर सृजित करने, लघु उद्यम स्थापित करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

# मनरेगा खत्म करने का झूठ फैलाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं सीएम सुक्खू : डॉ. राजीव भारद्वाज

## कांग्रेस का लोकतंत्र पर ज्ञान खोखला, संसद में किया गया अमर्यादित आचरण शर्मनाक

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 19 दिसंबर।** भाजपा सांसद एवं उपाध्यक्ष डॉ. राजीव भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा कांगड़ा के इंदौरा में दिए गए बयान पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि मनरेगा समाप्त करने का दावा पूरी तरह झूठा, भ्रामक और राजनीतिक भ्रम फैलाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व तथ्यहीन बयानबाजी कर ग्रामीण गरीबों को डराने का प्रयास कर रहा है। डॉ. भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त नहीं किया है, बल्कि उसे और अधिक मजबूत, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' के रूप में उसका संरचनात्मक उन्नयन किया है। उन्होंने कहा कि यह नया अधिनियम रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करता है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा पहले से अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह बताने से क्यों डर रही है कि नए कानून के तहत जल सुरक्षा, कोर ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका अवसंरचना और जलवायु लचीलापन जैसे क्षेत्रों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे गांवों में स्थायी विकास और रोजगार दोनों सुनिश्चित होंगे।

### संसद में कांग्रेस का व्यवहार लोकतंत्र के लिए कलंक

डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि सीएम सुक्खू को लोकतंत्र की दुहाई देने से पहले अपनी पार्टी के सांसदों के आचरण पर भी नजर डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संसद में इस विधेयक पर 98 सांसदों ने गंभीर और विस्तृत चर्चा में भाग लिया, जो देर रात 1.30 बजे तक चली। केंद्रीय मंत्री द्वारा विपक्ष के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने की सहमति दी गई थी, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने उत्तर सुनने से पहले ही हंगामा, कागज फाड़ना, मेजों पर चढ़ना और आसन का अपमान किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह आचरण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों के अनुरूप है? क्या संसद को भीड़तंत्र और गुंडातंत्र में बदलने का प्रयास लोकतंत्र की रक्षा कहलाता है? डॉ. भारद्वाज ने कहा कि अपनी बात कह लेने के बाद दूसरे पक्ष को बोलने से रोकना न केवल अनैतिक है, बल्कि संसदीय परंपराओं का घोर उल्लंघन है।

### कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर

डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस एक ओर संसद में अव्यवस्था फैलाती है और दूसरी ओर बाहर आकर लोकतंत्र की दुहाई देती है। यही कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के नाम पर राजनीति करने वाली कांग्रेस यह क्यों नहीं बताती कि अपने शासनकाल में कितनी पारदर्शिता थी और कितनी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि ग्रामीण भारत को रोजगार, गरिमा और आत्मनिर्भरता तीनों मिले। नया कानून उसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### भाजपा झूठ के खिलाफ सच के साथ खड़ी

डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि भाजपा कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे हर झूठ का तथ्यात्मक जवाब देगी और ग्रामीण जनता को गुमराह नहीं होने देगी।

# सिंचाई और पेयजल योजनाओं को रिस्टोर कर समुचित जल आपूर्ति करना प्राथमिकता : कृष्ण कुमार शर्मा

अर्थ प्रकाश/गोविंद ठाकुर



**नेरचौक, 19 दिसंबर।** जल शक्ति विभाग मंडल बग्गी के अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई सुविधाओं को सुचारू बनाए रखना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र की सभी पेयजल और सिंचाई योजनाओं को आवश्यकता अनुसार रिस्टोर किया जा रहा है, ताकि लोगों को पीने तथा कृषि सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध हो सके। यह जानकारी जल शक्ति विभाग मंडल बग्गी के अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार शर्मा ने पत्रकारों के साथ आयोजित एक मिलन कार्यक्रम के दौरान दी। उन्होंने बताया कि मंडल क्षेत्र में पूर्व में आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण कई पेयजल और सिंचाई योजनाएं प्रभावित हुई थीं। जिन योजनाओं के लिए बजट का प्रावधान किया गया है, उनके मरम्मत एवं सुधार कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। लेफ्ट और राइट बैंक सिंचाई योजनाओं के अंतर्गत दो बोरवेल, पुरानी मशीनरी तथा सिंचाई कुहलों के क्षतिग्रस्त बिंदुओं के सुधार का कार्य प्रगति पर है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि जैन इरिगेशन के माध्यम से संचालित राइट बैंक सिंचाई योजना में लगभग 400 डिस्ट्रीब्यूशन चैम्बरों के सुधार कार्य को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इस योजना पर कुल लगभग 16 करोड़ रुपये व्यय किए जाने हैं, जिनमें से अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है।

# जयनगर कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 19 दिसंबर।** राजकीय महाविद्यालय, जयनगर में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। शिविर का उद्घाटन समारोह महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अंजना सूद ने की। उद्घाटन अवसर पर प्राचार्या ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा एनएसएस के महत्व और भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एनएसएस विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन तथा सेवा भावना का विकास करता है और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह शिविर प्रो. जयंत शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, के समन्वय में आयोजित करवाया जा रहा है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य से व्याख्यान श्रृंखला का भी आयोजन करवाया जा रहा है, जिसमें करियर मार्गदर्शन, उच्च शिक्षा के अवसर, व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक मुद्दों से संबंधित विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रथम दिवस पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। द्वितीय दिवस को विद्यार्थियों ने जयनगर के समीप स्थित मंदिर की साफ-सफाई की तथा सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की स्वच्छता का संदेश दिया। तृतीय दिवस की स्वयंसेवकों ने जयनगर के समीप जल स्त्रोतों की सफाई की और जल संरक्षण एवं स्वच्छ जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रातःकालीन योग अभ्यास भी किया गया, जिससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिला। इसके अतिरिक्त, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और आपसी सहयोग एवं एकता की भावना को सुदृढ़ किया।

# मंडी के अशीष शर्मा बने एबीवीपी पंजाब विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर, 19 दिसंबर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ की नई कार्यकारिणी का गठन 18 दिसंबर को किया गया। इस अवसर पर जिला मंडी के निहरी निवासी आशीष शर्मा को सर्वसम्मति से एबीवीपी पंजाब विश्वविद्यालय का इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आशीष शर्मा वर्तमान में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ (सेक्टर-14) में अध्ययनरत हैं। विद्यार्थी जीवन के दौरान वे एबीवीपी से सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं और छात्रहित, शैक्षणिक सुधार, राष्ट्रवाद तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े अनेक कार्यक्रमों में निरंतर सहभागिता निभाते आए हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और कार्यकर्ताओं के बीच लोकप्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि आशीष शर्मा पंजाब विश्वविद्यालय में एबीवीपी के हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले चौथे इकाई अध्यक्ष बने हैं, जबकि मंडी जिले से वे पहले छात्र नेता हैं जिन्हें यह जिम्मेदारी मिली है। इससे पूर्व किन्नौर के सूरत नेगी, सिरमौर के दिनेश चौहान और किन्नौर के परविंदर नेगी इस पद पर रह चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर आशीष शर्मा ने संगठन के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान, शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्रवादी विचारधारा के अनुरूप रचनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे।

# एंटी-चिट्टा अभियान के तहत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू, 19 दिसंबर।** श्रम कल्याण कार्यालय कुल्लू, में प्रदेश सरकार द्वारा नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत एंटी-चिट्टा अभियान में कार्यालय स्तर पर संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एकमत होकर यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं को किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों, विशेषकर चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन, भण्डारण, खरीद-फरोख्त अथवा प्रोत्साहन से पूर्णतः दूर रहेगें तथा किसी भी रूप में ऐसी गतिविधियों में संलिप्त नहीं होगें।

इसके साथ यह भी शपथ ली कि वे समाज में नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएगें तथा यदि कहीं भी नशीले पदार्थों से सम्बन्धित कोई अवैध गतिविधि उनके संज्ञान में आती है तो उसे सम्बन्धित सक्षम प्राधिकरण तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे।

इस अवसर पर श्रम कल्याण अधिकारी शशांक ठाकुर ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गम्भीर चुनौती है और इससे लड़ने के लिए सभी का नैतिक दायित्व है कि वह स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करें।

उन्होने सभी कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपने कार्यस्थल के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी नशा मुक्त वातावरण बनाने में योगदान दें।

संकल्प कार्यक्रम का समापन नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ किया गया।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने किया अम्बाला लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

–सांसद खेल महोत्सव जमीनी स्तर पर युवा खिलाडियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करता है–कंवरपाल गुर्जर

–एथलेटिक्स खेलों में 10 गोल्ड, 11 सिल्वर पदक लेकर यमुनानगर पहले स्थान

अर्थ प्रकाश /अवतार सिंह चुग

**यमुनानगर, 19 दिसंबर–** भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहे अंबाला लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का स्थानीय पुलिस लाइन में शुभारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, नगर निगम मेयर सुमन बहमनी, पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी व जिला महामंत्री जिला संयोजक नरेंद्र सिंह राणा सहित बहुत से गणमान्य लोग साथ रहे। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव में तीन जिलों अम्बाला, पंचकूला, यमुनानगर के लगभग 800 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जोकि क्रिकेट, एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन आदि खेलों में अपना प्रदर्शन दिखाएंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने खिलाडियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल खेल प्रतियोगिता नहीं है बल्कि यह सांसद खेल ऊर्जा, अनुशासन, टीमवर्क और नए भारत की भावना का उत्सव है। सांसद खेल महोत्सव, जो जमीनी स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से प्रेरित है, युवा खिलाडियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीणाचंल में छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने आने के अवसर मिलते हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा वर्ग में सकारात्मक शक्ति का संचार होता है, युवा वर्ग मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहता है और खेलों के साथ-साथ अपनी पढ़ाई लिखाई पर भी वह भरपूर ध्यान देता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि यहाँ उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साह और जुनून देखकर मैं अत्यंत प्रसन्न हूँ। यह आयोजन हर खिलाड़ी में खेल भावना को प्रज्वलित करे और उन्हें बड़े सपने देखने तथा ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करे। हमारे जिला यमुनानगर में इस शानदार सफल आयोजन के लिए जिला भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी और उनकी समस्त टीम को बधाई व धन्यवाद करता हूँ।

नगर निगम मेयर सुमन बहमनी, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विकसित भारत का संदेश दिया है वह स्वस्थ भारत सशक्त भारत के माध्यम से पूर्ण हो रहा है जिसके अंतर्गत युवा वर्ग अपनी शक्ति अच्छे कार्यों जैसे खेलकूद में लग रहा है तो वह शारीरिक मानसिक रूप से फिट रहता है। खिलाड़ी खेल की



भावना से खेल को खेलें, खेलते वक्त एक पक्ष की हार होती है व एक पक्ष की जीत होती है लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि दोनों पक्षों ने खेलने के लिए जो हौसला दिखाया इसके लिए वह दोनों पक्ष बधाई के पात्र है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने रिजल्ट की जानकारी देते हुए कहा कि 100 मीटर की 14 वर्ष, 17 वर्ष,19 वर्ष आयु में यमुनानगर की टीम विजयी रही, क्रिकेट की 14 वर्ष आयु वर्ग में अंबाला विजयी रहा व 17 वर्ष आयु वर्ग में यमुनानगर विजयी हुआ। एथलेटिक्स खेलों में 10 गोल्ड, 11 सिल्वर पदक लेकर यमुनानगर ने पहला स्थान, 2 गोल्ड और 1 सिल्वर पदक लेकर अंबाला ने दूसरा स्थान और पंचकूला बिना किसी पदक के तीसरे स्थान पर रहा ।

इस दौरान जिला महामंत्री जिला संयोजक नरेंद्र सिंह राणा, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, कोच रमनजीत सिंह, अध्यापक गोपाल सिंह, कोच शिवम राणा, युवा मोर्चा प्रदेश सचिव पुनीत बिंदल, मंडल अध्यक्ष पार्षद प्रियांक शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी, पार्षद जयंत स्वामी, पार्षद अंकित गोयल, पार्षद भानू प्रताप, पार्षद रीना रस्तोगी, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, भाजयुमो जिला महामंत्री एडवोकेट दीपक शर्मा, गोपाल सिंह, भाजपा नेता रिंकू धीमान, नकुल गोयल, योगेन्द्र वर्मा, गुरमीत सिंह, संदीप राय, गौतम धीमान आदि साथ रहे।

## राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे यमुनानगर

-जिला इकाई के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर किया गया भव्य स्वागत

-जिले के सदस्यों के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर की बैठक



अर्थ प्रकाश / अवतार सिंह चुग / यमुनानगर, 19 दिसम्बर। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मेहता आज यमुनानगर जिला इकाई के सदस्यों के साथ बैठक में पहुंचे। जहां सदस्यों के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका भव्य स्वागत किया गया। बैठक में अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मेहता ने बताया कि हमारी महासभा जहां एक और सत्कार अते सेवा के उद्देश्य को लेकर निरन्तर समाज के विभिन्न क्षेत्र में समाजिक कार्य कर रही है वहीं दूसरी और महासभा को और अधिक मजबूत करने के लिए भी शहरों के साथ- साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि महासभा में सक्रिय सदस्यों को अधिक ज़िम्मेदारी देने पर भी विचार किया गया। उन्होंने कहा कि महासभा की पूर्व गठित इकाइयों को पहले ही भंग किया जा चुका है और अब नई कार्यकारिणीयां गठित की जा रही है। आज इसी कड़ी में जिला यमुनानगर इकाई के पुनर्गठन पर विचार-विमर्श किया गया। जिसके बाद मलविनदर सिंह को जिला प्रधान बनाने के लिए सभी सदस्यों ने सहमति जताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पंजाबी महासभा हरियाणा सरकार से मांग भी करती है कि पंजाब राज्य की तर्ज पर हरियाणा में भी पंजाबी वेलफेयर बोर्ड बनाया जाए ताकि पंजाबी समाज को अपनी समस्याओं का समाधान करने के लिए एक प्लेटफॉर्म मिल सकें। वहीं हरियाणा में 10वीं कक्षा तक पंजाबी भाषा को स्कूलों में लागू किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने 12 जनवरी को शाहबाद में होने वाले लड़कियों की लोहड़ी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में संत ज्ञानानंद जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर हमें अपना आशीर्वाद देंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव अवतार सिंह चुग, राष्ट्रीय वरिष्ठ सदस्य सुरेश आनंद, जिला कार्यकारी प्रधान अमरजीत सिंह जगगी व वरिष्ठ सदस्य केवलजी विशेष रूप से शामिल रहें।

## चंडीगढ़ नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी; अवैध और अपंजीकृत विक्रेताओं को 87 चालान जारी

अर्थ प्रकाश /चंडीगढ़,/ वीरेन्द्र सिंह। बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने, पैदल यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने और नागरिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, चंडीगढ़ नगर निगम ने आज शहर के विभिन्न हिस्सों में अवैध और अपंजीकृत विक्रेताओं के खिलाफ व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अभियान के दौरान, नगर निगम की प्रवर्तन टीमों ने सार्वजनिक स्थानों, बाजारों और फुटपाथों का निरीक्षण किया, जहां विक्रेता वैध पंजीकरण के बिना या निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप, कुल 87 चालान उल्लंघनकर्ताओं को जारी किए गए। नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्थानों को बहाल करने हेतु अस्थायी अतिक्रमण भी हटाए गए। नगर निगम के अधिकारियों ने दोहराया कि निगम वेंडिंग ज़ोन में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जे को बर्दाश्त नहीं करेगा। विक्रेताओं को उचित पंजीकरण प्राप्त करने और अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानदंडों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है।



## कबड्डी खिलाड़ी और प्रमोटर राणा बलाचोरिया मर्डर केस- घायल पुलिसकर्मी का हाल जानने सिविल अस्पताल पहुंचे विधायक कुलजीत सिंह रंधावा

अर्थ प्रकाश /डेराबस्सी, 19 दिसंबर – मशहूर कबड्डी खिलाड़ी और प्रमोटर राणा बलाचोरिया की हत्या के मामले में लालडू में हुई फायरिंग की घटना के दौरान ड्यूटी निभाते हुए घायल हुए पुलिसकर्मी का हाल जानने के लिए हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा आज सिविल अस्पताल डेराबस्सी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायल पुलिस कर्मचारी और उसके परिजनों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

गौरतलब है कि लालडू में हुई इस सनसनीखेज वारदात के दौरान हमलावरों की ओर से की गई फायरिंग में पुलिस हवलदार गुलाब सिंह के पैर में गोली लग गई थी। इस हमले में कबड्डी खिलाड़ी और प्रमोटर राणा बलाचोरिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल घायल पुलिस कर्मचारी का सिविल अस्पताल डेराबस्सी में इलाज चल रहा है।

अस्पताल पहुंचने पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डॉक्टरों से घायल कर्मचारी के स्वास्थ्य को लेकर विस्तृत जानकारी ली और उसे बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मी की बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जांबाज जवान ही समाज की सुरक्षा की मजबूत कड़ी हैं।

विधायक रंधावा ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में पंजाब सरकार और जिला प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि इलाके की कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है और घटना में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एसआईआर में शत प्रतिशत योगदान दें भाजपा कार्यकर्ता : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/ गोरखपुर, 19 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि वे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। एसआई आर में लगने वाली आपकी मेहनत लोकतंत्र के लिए है इसलिए घर-घर संपर्क करें। एक-एक नाम जुड़वाने का काम करें। मतदाता सूची में कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। कार्यकर्ता घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने का कार्य करें। सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद योगिराज बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह में एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर रहे थे। बैठक में भाजपा महानगर के सात मंडलों के पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भारत के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं, वही लोग एसआईआर पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। वह जीते तो उनका पुरुषार्थ और अगर वह हारते हैं तो इवीएम को दोषी ठहराते हैं। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों का यही एकमात्र मुद्दा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मजबूत होगा देश मजबूत होगा। विपक्षी पार्टियां नहीं चाहतीं कि लोकतंत्र मजबूत हो। मुख्यमंत्री ने एसआईआर अभियान को एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में सभी को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से एसआईआर के तहत अब तक किए गए कार्यों का वृत्त लिया और प्रारूप 6, 7 और 8 का बैग भी कार्यकर्ताओं को दिया। बैठक को सांसद रविकिशन शुक्ल, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ.धर्मेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। विषय प्रस्तावना, स्वागत भाषण व आभार ज्ञापन महानगर संयोजक राजेश गुप्ता ने तथा संचालन महामंत्री अच्युतानंद शाही ने किया। बैठक में विधायक विपिन सिंह, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्वजितांशु सिंह आशु, डॉ. सत्येन्द्र सिन्हा, महानगर महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, इन्द्रमणि उपाध्याय, महानगर इकाई के अन्य पदाधिकारी, राप्ती नगर, मालवीय नगर, दीनदयाल नगर, गोरक्ष नगर, आर्य नगर, बिस्मिल नगर व गीता नगर मंडलों के अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक आदि उपस्थित रहे।

### सेक्टर-43 में सरकारी मेडिकल डिस्पेंसरी की स्थापना को लेकर पार्षद प्रेमलता ,सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी डिप्टी मेयर तरुण मेहता के प्रयास तेज



अर्थ प्रकाश/ वीरेन्द्र सिंह/ चंडीगढ़- सेक्टर-43 में सरकारी मेडिकल डिस्पेंसरी की शीघ्र स्थापना को लेकर वार्ड संख्या 23 की एरिया पार्षद प्रेमलता ने स्वास्थ्य निदेशक सौरव कुमार अरोड़ा तथा संयुक्त आयुक्त ईशा कंबोज से मुलाकात की। इस पहल को सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है। मुलाकात के दौरान पार्षद प्रेमलता ने अधिकारियों को बताया कि सेक्टर-43 व आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर-दराज जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में क्षेत्र में एक सरकारी मेडिकल डिस्पेंसरी की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने गांव इटावा की डिस्पेंसरी में डे केयर के लिए बेड एवं सभी प्रकार के टेस्ट करवाने के लिए लैबोरेटरी खोलने के लिए अवन डिस्पेंसरी को अपग्रेडेशन करने के लिए अनुरोध किया एवम् आम नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि सेक्टर-43 में मेडिकल डिस्पेंसरी की स्थापना के प्रस्ताव को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्वास्थ्य निदेशक सौरव कुमार अरोड़ा एवं संयुक्त आयुक्त ईशा कंबोज ने आश्वासन दिया कि मामले पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएंगी।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा पीजीआई में जिंदगी-मौत से जूझ रहा

अर्थ प्रकाश/ जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)

जीरकपुर-बनूड़ रोड पर छत लाइटों के पास अमलतास पैलेस के नजदीक तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में बनूड़ वार्ड नंबर-5 निवासी प्रवीण कुमार (39) ने बताया कि 18 दिसंबर को वह अपने मोटरसाइकिल पर जीरकपुर से बनूड़ की ओर जा रहा था। उससे आगे उसका भतीजा धैर्य पुत्र अश्वनी कुमार और उसका दोस्त शिवम पुत्र संजीव कुमार एक अन्य मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे छत लाइटों के पास पीछे से आ रहे ट्रक (PB-11C-2361) के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों युवक ट्रक के पिछले टायरों के नीचे आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों को सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान धैर्य की मौत हो गई, जबकि शिवम की हालत गंभीर बनी हुई है।

# रूस में फँसे भारतीय युवाओं की सुरक्षित वापसी की मांग को लेकर विदेश राज्य मंत्री से मिले सांसद दीपेन्द्र हुड्डा

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने विदेश राज्य मंत्री को पत्र के साथ रूस में फंसे भारतीय युवाओं की सूची भी सौंपी

विदेश राज्य मंत्री ने सभी की सुरक्षित वापसी का हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया – दीपेन्द्र हुड्डा

विदेश गए अनेक युवा या तो बंधक बने या कई महीनों से परिवार से कोई संपर्क नहीं हो रहा – दीपेन्द्र हुड्डा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 18 दिसंबर।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज रूस में फंसे भारतीय युवाओं की सुरक्षित वतन वापसी की मांग को लेकर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह से मिले और उन्हें जबरन रूसी सेना में शामिल किए गए भारतीय छात्रों की सुरक्षित वतन वापसी के गंभीर मुद्दे से अवगत कराते हुए रूस में फंसे भारतीय युवाओं की सूची और पत्र भी दिया। उन्होंने इस संबंध में विदेश मंत्रालय से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल हस्तक्षेप करने और रूसी सरकार से उच्च स्तर पर बातचीत कर सभी भारतीय नागरिकों की तत्काल वतन वापसी सुनिश्चित कराने की मांग की। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने सभी की सुरक्षित वापसी का हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।



सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने विदेश राज्य मंत्री को बताया कि छात्र वीज़ा पर पढ़ाई के लिए रूस गए कई युवाओं को बहला-फुसलाकर कथित रूप से रूसी सेना में भर्ती कर दिया गया और यूक्रेन सीमा के पास युद्धक्षेत्र में भेज दिया। चिंता की बात यह है कि इनमें से अनेक छात्रों के लापता होने की खबर है। जिससे परिवारजन बेहद पीड़ा, भय और मानसिक तनाव में हैं।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि यह मामला भारत सरकार की विदेश नीति, कूटनीतिक प्रभाव और नागरिकों की सुरक्षा से सीधे जुड़ा है। सरकार का दायित्व है कि वह अपने नागरिकों को विपरीत परिस्थितियों में असहाय न छोड़े। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि अनेक युवा तो ऐसे भी हैं जिन्हें या तो विदेशों में बंधक बना लिया गया है या एजेंटों ने धोखे से उन्हें विदेशी सेना में भर्ती करवाकर रूस-यूक्रेन में झोंक दिया है। अनेक युवा ऐसे भी हैं जिनका परिवार को कुछ अता-पता ही नहीं लग रहा है। कई महीनों से इन युवकों का परिवार से संपर्क नहीं हो पाया रहा है। उनकी चिंता में परेशान परिवार के लोग राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक गुहार लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले को शीर्ष प्राथमिकता पर लिया जाए और कूटनीतिक माध्यमों के ज़रिये तत्काल सभी प्रभावित भारतीय नागरिकों, विशेषकर अमन और अन्य फँसे छात्रों की सुरक्षित एवं शीघ्र वापसी सुनिश्चित की जाए।

# प्लास्टिक के खिलाफ जंग अभियान के तहत घग्गर नदी के तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)**

भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ (आईपीसीए) ने किआ इंडिया प्रा. लि. के सहयोग से प्रोजेक्ट डी. आर. ओ. पी. (डिवेलप रिस्पॉन्सिबल आउटलुक टुवर्ड्स प्लास्टिक) के तीसरे चरण में घग्गर नदी के किनारे स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे से फैल रहे प्रदूषण को रोकना और नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

इस सफाई अभियान को औपचारिक रूप से मुख्य अतिथि,विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इस मौके पर सम्मानित अतिथि के रूप में नगर परिषद, जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी परविंदर सिंह, मनोज कुमार सैनिटरी इंस्पेक्टर, सुखविंदर सिंह, कम्युनिटी फैसिलिटेटर, अमनदीप सिंह, ब्लॉक इंचार्ज, हलका डेरा बस्सी, सुमित राणा सरपंच, हलका डेराबस्सी भी मौजूद थे।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हलका विधायक ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने और नदी पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के लिए ऐसे स्वच्छता अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आईपीसीए और किआ इंडिया की यह पहल सराहनीय है। उद्योग, संस्थानों और स्थानीय प्रशासन का सहयोग पर्यावरण संरक्षण में स्थायी और सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि समुदाय की निरंतर भागीदारी से ही स्वच्छ और स्वस्थ नदियों का सपना साकार होगा।

किआ इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) अतुल सूद ने कहा कि कंपनी की सोच में सतत विकास और सामुदायिक पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट डी.आर.ओ.पी. के माध्यम से किआ इंडिया प्लास्टिक के जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देकर लोगों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने और संगठित कचरा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि आईपीसीए और स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग यह दर्शाता है कि सार्थक और स्थायी पर्यावरणीय प्रभाव केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। घग्गर नदी पर आयोजित स्वच्छता अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने और जमीनी स्तर पर लंबे समय तक पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करने की किआ इंडिया की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# नववर्ष की भीड़ को खिचड़ी मेला प्रबंध का रिहर्सल मानें अधिकारी सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की खिचड़ी मेला, गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों और विकास कार्यों की समीक्षा

खिचड़ी मेला के सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत में न होने पाए कोई कमी : सीएम योगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोरखपुर, 19 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में लगने वाले विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेला, गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों तथा जिले में जारी विकास कार्यों की समीक्षा की। खिचड़ी मेले की तैयारियों को लगभग पूर्ण जानकर उन्होंने संतोष जताया। साथ ही कहा कि नववर्ष के पहले दिन उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ प्रशासन के लिए खिचड़ी मेला के प्रबंध के रिहर्सल के रूप में होगी। इस दिन के प्रबंध से खिचड़ी मेला की तैयारियों को भी भौतिक रूप से परखने का अवसर मिल जाएगा।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने खिचड़ी मेला के प्रबंध को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनकी तैयारी की जानकारी ली। मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में तय की गई समय सीमा 20 दिसंबर के पूर्व ही सभी तैयारियां संतोषजनक मिलीं। उन्होंने तैयारियों पर निरंतर ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि खिचड़ी मेला से पहले नववर्ष के पहले दिन एक जनवरी को भी मंदिर में गुरु गोरखनाथ जी के दर्शन को भारी भीड़ उमड़ेगी। यह मेला की तैयारियों के रिहर्सल का अच्छा मौका होगा। खिचड़ी मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।



**गोरखपुर महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को मिले भरपूर मौका**

11 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महोत्सव में स्थानीय कलाकारों, प्रतिभाओं को भरपूर मौका दिया जाए। पारंपरिक वाद्य, गायन व नृत्य कलाओं को महोत्सव के जरिये प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जाएं। कहा कि महोत्सव को लेकर जो भी कार्य शेष रह गए हैं, उन्हें शीघ्रता से पूरा कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर महोत्सव में हरेक सेक्टर के विकास, योजनाओं और उपलब्धियों पर गोष्ठी कराने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

**नववर्ष के पहले दिन रामगढ़ताल क्षेत्र में हों सुरक्षा और सुविधा के पर्याप्त इंतजाम**

मुख्यमंत्री ने नववर्ष के पहले दिन शहर के खास पर्यटन केंद्र रामगढ़ताल क्षेत्र में भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद को देखते हुए लोगों की सुविधा और सहूलियत के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर आए नववर्ष के पहले दिन इस क्षेत्र में सीसी कैमरों से निगरानी की जाए ताकि कोई अराजकता न फैलाने पाए। उन्होंने इस अवसर विशेष पर रामगढ़ताल क्षेत्र में पार्किंग की अतिरिक्त व्यवस्था करने और इसका समय रहते प्रचार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कहीं भी सड़क पर वाहन न खड़े होने पाएं।

**सड़क निर्माण की परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण कराएं**

जनपद में जारी विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि सड़क निर्माण की जितनी भी परियोजनाएं जारी हैं, उनको गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से पूर्ण कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा सुगम यातयात व्यवस्था देना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विरासत गलियारा की भी समीक्षा की और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विरासत गलियारा के दायरे में आने से जो दुकान पूरी तरह प्रभावित हुई हों, उनके स्वामियों को दुकान उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम और जीडीए की तरफ से पहल की जाए। प्रभावित दुकानदारों का व्यवस्थित पुनर्वास किया जाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने शीतलहर में आमजन की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में अलाव जलवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह सहित प्रशासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जांच होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा : योगी आदित्यनाथ

कोडीन मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपा पर करारा प्रहार, सपा से जुड़े लोगों की तस्वीर है आरोपी के साथ

शीतकालीन सत्र के प्रारंभ से पहले मुख्यमंत्री योगी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर कसा तंज

कहा- सपा प्रमुख की स्थिति ऐसी है कि 'यही कसूर मैं बार-बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी, आईना साफ करता रहा'

अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग



**लखनऊ, 19 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव पर तीखा तंज कसा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रारंभ से पहले शुक्रवार को मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह बात हर व्यक्ति जानता है कि प्रदेश के लगभग हर माफिया के संबंध समाजवादी पार्टी से रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आए हैं कि एसटीएफ या उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गए कुछ अभियुक्तों के संबंध समाजवादी पार्टी से रहे हैं। समाजवादी पार्टी, जो अपनी कार्यप्रणाली के लिए पहले से ही बदनाम और कुख्यात रही है, इस पूरे मामले में भी अपनी संलिप्तता उजागर होते हुए देखेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस विषय में पूरी रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम रूप से कुछ कहा जा सकता है, लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है कि सपा प्रमुख द्वारा जो बातें कही जा रही हैं, उनकी स्थिति वही है, जैसा कि इस पंक्ति में कहा गया है- ÷यही कसूर मैं बार-बार करता रहा, धूल चेहरे पर थी, आईना साफ करता रहा।÷ यानी, जिन माफियाओं के साथ उनकी तस्वीरें सामने आ रही हैं, स्वाभाविक रूप से अवैध लेन-देन में उनकी संलिप्तता कहीं न कहीं सामने आएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जांच होने दीजिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

**कोडीन मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रखा पक्ष**

कोडीन मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोडीन फॉस्फेट एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत आने वाली एक औषधि है। इसका उपयोग कोडीन-युक्त कफ सिरप के निर्माण में किया जाता है, जो गंभीर खांसी के उपचार में प्रयुक्त होता है। इसका कोटा और आवंटन सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा केवल अधिकृत औषधि निर्माण के लिए ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह कफ सिरप कई स्थानों पर नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग किया जा रहा था। अवैध तस्करी की शिकायतें मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश पुलिस और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) के नेतृत्व में इसे एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मानते हुए कार्रवाई प्रारंभ की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह कार्रवाई एफएसडीए, यूपी पुलिस और एसटीएफ द्वारा की जा रही है, जिसमें अब तक बड़े पैमाने पर अवैध तस्करी के मामलों का खुलासा हुआ है और व्यापक गिरफ्तारियां भी की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की निगरानी एक राज्य-स्तरीय एसआईटी कर रही है, जिसमें यूपी पुलिस और एफएसडीए के अधिकारी शामिल हैं। अवैध तस्करी से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे धन कहां-कहां गया, इन सभी तथ्यों का भी खुलासा होगा।

**24 दिसंबर तक चलेगा शीतकालीन सत्र**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि शीतकालीन सत्र आज से प्रारंभ होकर 24 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि सत्र में भाग लेने के लिए आ रहे सभी माननीय सदस्यों का स्वागत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र के दौरान माननीय सदस्य जनता से जुड़े मुद्दों को उठाएंगे, उत्तर प्रदेश के विकास से संबंधित विधायी कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा तथा विभिन्न विभागों की अनुपूरक मांगों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक महत्वपूर्ण चर्चा आयोजित की जाएगी तथा इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के प्रति आभार व्यक्त किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की स्थापना-तिथि और 'वंदे मातरम्' को संविधान के अनुसार मान्यता दिए जाने की अधिसूचना की तिथि एक ही है, ऐसे में इस विषय पर विधानमंडल में चर्चा अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में आज संभवतः कोई कार्रवाई नहीं हो पाएगी, क्योंकि विधानसभा के एक वर्तमान सदस्य के आकस्मिक निधन के कारण शोक प्रस्ताव रखा जाएगा। हालांकि, यदि विधान परिषद में कोई मुद्दा उठता है तो नेता सदन इस पर सरकार का पक्ष रखेंगे। इसके अतिरिक्त, यदि बाहर भी कोई इस विषय पर प्रश्न उठाएगा तो सरकार की ओर से समुचित उत्तर दिया जाएगा।

**सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा को तैयार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में यह स्पष्ट किया गया है कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा कराने को पूरी तरह तैयार है। सरकार विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण रखती है और विधानसभा सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों के सहयोग की अपेक्षा करती है। उन्होंने कहा कि देश का सबसे बड़ा विधानमंडल लगातार सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। जब लोकतंत्र से जुड़े पवित्र स्थल चर्चा और परिचर्चा के केंद्र बनते हैं, तब जनप्रतिनिधि जनविश्वास पर खरा उतरता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि सरकार की इच्छा थी कि सत्र अधिक दिनों तक चले, लेकिन वर्तमान में अधिकांश जनप्रतिनिधि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े कार्यों में व्यस्त हैं, जो लोकतंत्र की शुचिता और पारदर्शिता के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी कारण आवश्यक विधायी कार्यों, अनुपूरक मांगों और 'वंदे मातरम्' पर चर्चा के लिए सत्र अवधि आज से 24 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह सत्र उत्तर प्रदेश विधानमंडल और राज्य के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

## एसआईआर पर सवाल उठाकर विपक्ष देश के लोकतंत्र को दुनिया में कर रहा है खराब - श्याम सिंह राणा

अर्थ प्रकाश/ अवतार सिंह चुग / यमुनानगर, 19 दिसम्बर। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की घुसपैठियों और फर्जी मतदाताओं को बचाने की राजनीति अब नहीं चलने वाली है। एसआईआर पर कांग्रेस तथ्यहीन, भ्रामक आरोप लगाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी के इन कुप्रयास को जनता कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण जरूरी है। मृत, डुप्लीकेट या फर्जी नाम हटाने की यह प्रक्रिया चुनाव आयोग द्वारा पारदर्शी रूप से की जा रही है। एसआईआर पर सवाल उठाकर विपक्ष दुनिया में भारत के लोकतंत्र की छवि खराब कर रहा है। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि कांग्रेस



के नेता राहुल गांधी पहले ईवीएम को दोष देते थे, जब इस मुद्दे की हवा निकल गई तो राहुल गांधी वोट चोरी का एजेंडा लेकर आ गए। कांग्रेस पर निशाना साधते उन्होंने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है जिसने बार-बार संविधान का दुरुपयोग किया। ये वही लोग हैं जिन्होंने देश पर आपातकाल थोपा। संविधान और चुनाव आयोग का दुरुपयोग करने वाली भी कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अनर्गल आरोप लगाकर लोकतंत्र की छवि को खराब कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिस एसआईआर पर कांग्रेस के नेता छाती पीट रहे हैं उसकी शुरूआत कांग्रेस सरकार के दौरान 1952 में हुई और तब जवाहर लाल नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे। दूसरा एसआईआर 1957 में हुआ तब भी जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। तीसरा एसआईआर 1961 में हुआ उसमें भी जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे और वो भी कांग्रेस पार्टी से थे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि वर्ष 1965, 1966 में भी एसआईआर हुआ। उस वक्त भी कांग्रेस की सरकार थी। फिर 1983 और 1984 में हुआ। तब इंदिरा प्रधानमंत्री थी। राजीव गांधी के कार्यकाल में 1987 और 1989 में हुआ। 1992, 1993, 1995 में भी एसआईआर हुआ, तब कांग्रेस की सरकार थी और नरसिम्हा राव पीएम थे तब 2002 और 2003 में भी एसआईआर हुआ जो 2004 में पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि 2004 के बाद अब सीधा 2025 में गहन पुनरीक्षण हो रहा है और इस पर कांग्रेस के नेताओं में घुसपैठियों को बचाने के लिए हाहाकार मचा हुआ है। भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने बताया कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर से कुछ दलों के राजनीतिक स्वार्थ आहत हो रहे हैं, क्योंकि ऐसे दलों को अब मतदाता तो वोट देते नहीं, जो घुसपैठिये दे देते थे वो अब एसआईआर के बाद चले जाएंगे। इसलिए विपक्ष के लोग एसआईआर का विरोध कर रहे हैं।

## अपराध शाखा -1 की टीम ने 15 दिसंबर को साढौरा बाजार में डकैती के मामले में 8 आरोपी किए काबू



अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग / यमुनानगर, 19 दिसम्बर। उप पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अपराध शाखा -1 की टीम ने 15 दिसंबर साढौरा बाजार में विनोद कुमार की दुकान पर हुई लूटपाट की वारदात में शामिल 8 बदमाशो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि अपराध शाखा -1 प्रभारी राज कुमार द्वारा गठित पुलिस टीम जिसमें एसआई सुखदेव सिंह, एएसआई आजाद सिंह, मुख्य सिपाही बृजपाल, अमरजीत सिंह, मुकेश कुमार, प्रमोद सिंह, जगीर सिंह शामिल थे। टीम ने 15 दिसंबर साढौरा बाजार में विनोद कुमार की दुकान पर हुई लूटपाट की वारदात में शामिल आठ बदमाशों को गांव तुम्बीं के पास से काबू किया है। जिनकी पहचान कार्तिक उर्फ पहाडी, हर्ष कुमार, रोहित कुमार, वासीयान साढौरा , निखिल वा हर्ष वासीयान गांव भटटू वाला, मोहित वासी गांव सधांय, गुरप्रीत वासी गांव चगंनौली वा दलीप वासी गांव हडतान माजरी के रूप में हुई है। इन्होने पूछताछ पर बतलाया है कि ये सभी आपस में दोस्त हैं जिन्होने आपस में योजना बनाकर मौज मस्ती करने वा नये हथियार खरादने के लिये इस वारदात को किये है। आरोपियों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। आरोपियों को आज माननीय अदालत में पेश करके रिमाण्ड पर लिया जायेगा।

## मणिपुर में उग्रवादियों के खिलाफ अभियान जारी, आईईडी बरामद

अर्थ प्रकाश/ इंफाल,। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के आसपास तलाशी अभियान तेज कर दिया है जहां से कुकी उग्रवादियों ने आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों पर समन्वित हमला किया था। बिष्णुपुर जिले के एक गांव पर कुकी उग्रवादियों ने बमों से हमला किया था लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मणिपुर पुलिस ने इस मामले में फिलहाल एफआईआर दर्ज की है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुरुवार को चुराचांदपुर जिले के चुराचांदपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कांगवाई क्षेत्र के लुंगदेइफाई लीनोम गांव में 16 लावारिस पेस्ट जैसा शक्तिशाली आईईडी बरामद किया। बम निरोधक दस्ते ने इन आईईडी को निष्क्रिय कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध रूप से शहर में लगे होर्डिंग व बोर्ड नगर निगम ने हटवाए

**-जगाधरी, गोविंदपुरी व रेलवे रोड पर नगर निगम की टीम ने की कार्रवाई**

**-शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे थे अवैध रूप से लगे होर्डिंग व बैनर**

अर्थ प्रकाश/ अवतार सिंह चुग / यमुनानगर, 19 दिसम्बर। नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को विशेष अभियान चलाकर जगाधरी रोड, गोविंदपुरी रोड, रेलवे रोड समेत विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से लगे होर्डिंग, बैनर, पोस्टर व बोर्ड हटाए। अवैध रूप से लगे यह होर्डिंग व बैनर शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहे थे। वहीं, इनसे यातायात प्रभावित होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर एसडीओ राजेश शर्मा के नेतृत्व में यह होर्डिंग व बैनर हटाए गए। बिना अनुमति से लगाए गए इन होर्डिंग की वजह से नगर निगम को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। एसडीओ राजेश शर्मा ने बताया कि नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने शहर में अवैध रूप से लगे व सड़क किनारे रखे होर्डिंग और बैनर हटाने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों पर



शुक्रवार को उनकी टीम ने महाराणा प्रताप चौक से कन्हैया साहिब चौक के बीच विभिन्न स्थानों पर लगे होर्डिंग, विज्ञापन बोर्ड व पोस्टर हटवाए। इसके गोविंदपुरी रोड, रेलवे रोड व अन्य स्थानों पर लगे होर्डिंग, बैनर, साइन बोर्ड, पोस्टर व अन्य विज्ञापन सामग्री हटाई। उनकी टीम ने सड़क के डिवाइडर पर लगे पोल, पेड़ों व अन्य स्थानों पर लगाए गए होर्डिंग भी हटाए। उनकी टीम ने होर्डिंग व बैनरों को उतारकर निगम के वाहनों में लोड़कर से गोदाम में पहुंचाया। उन्होंने बताया कि होर्डिंग व बैनर लगाने के लिए विभिन्न स्थानों पर विज्ञापन साइट बनी हुई है। निर्धारित फीस जमा करवाकर कोई भी इन स्थानों पर अपने होर्डिंग व बैनर लगा सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी दुकानदार सड़क पर होर्डिंग, बोर्ड व बैनर रखकर अपना प्रचार न करें। इसके अलावा दुकानदार अपनी दुकान के ऊपर बोर्ड व होर्डिंग लगा सकते है। कोई भी राजनैतिक दल शहर की सड़क किनारे, पेड़ या स्ट्रीट लाइट पोल पर होर्डिंग न लगाए। कोई भी राजनेता निर्धारित फीस जमा कराकर विज्ञापन साइट पर अपनी पार्टी का प्रचार प्रसार कर सकता है। नगर निगम की अनुमति के बिना कोई भी शहर की सड़कों, पार्कों व सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग और बैनर न लगाए। बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग व बैनरों को उतारकर जब्त कर लिया जाएगा। शहर में अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग व बैनर हटाने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### दिल्ली की सिख संगत एवं दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी को सम्मानित किया



अर्थ प्रकाश / अनिल गुप्ता अर्थ प्रकाश दिल्ली / दिल्ली की सिख संगत एवं दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी का आभार व्यक्त करने हेतु एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के 350 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में दिल्ली में तीन दिवसीय भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन संपन्न हुआ। सिख समाज के वरिष्ठजनों का मत है कि विगत कई दशकों में इस स्तर का आयोजन पहले कभी नहीं हुआ। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी द्वारा 1984 के नरसंहार पीड़ित परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए, वर्षों से प्रतीक्षारत परिवारों को रोजगार प्रदान करने का कार्य किया गया। यह निर्णय देश में पहली बार लिया गया है। इन्हीं जनहितकारी एवं संवेदनशील निर्णयों के लिए आज दिल्ली के सिख समुदाय ने माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# सिंगल यूज़ प्लास्टिक छोड़ें, स्वच्छ व हरित शहर बनाने में करें सहयोग : महाबीर प्रसाद

स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने सेक्टर 17 मार्केट में चलाया जागरूकता व डस्टबिन जांच अभियान

अर्थ प्रकाश/अवतार सिंह चुग



**यमुनानगर, 19 दिसम्बर।** नगर निगम के वार्ड नंबर 7 स्थित रेड क्रॉस मार्केट सेक्टर-17 में नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता एवं डस्टबिन जांच अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर चलाए गए अभियान के दौरान टीम ने बाजार की हर दुकान में जाकर दुकानदारों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया।

दुकानदारों को पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े एवं जूट से बने थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने दुकानदारों को बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक नालों के जाम, गंदगी, जलभराव और पर्यावरण प्रदूषण का प्रमुख कारण है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अभियान के दौरान सभी दुकानदारों को गीले एवं सूखे कचरे के लिए दो अलग-अलग डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही कचरा खुले में न डालकर डस्टबिन में डालने और नगर निगम की कचरा संग्रहण गाड़ियों को ही सौंपने के लिए समझाया गया। खुले में कचरा डालने से फैलने वाली बीमारियों और गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी भी दी गई। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने, रोजमर्रा की खरीदारी में कपड़े और जूट के थैलों का उपयोग करने तथा कचरे का पृथक्करण कर नगर निगम का सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि सभी नागरिक मिलकर स्वच्छता नियमों का पालन करें, तो यमुनानगर - जगाधरी को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण के अनुकूल शहर बनाया जा सकता है। स्वच्छ भारत मिशन के सलाहकार लोकेश सेन, आईसी एक्सपर्ट दुर्गेश, आकाश कुमार आदि मौजूद रहें।

# इंडिया एनर्जी स्टैक (IES) टास्कफोर्स की दूसरी बैठक वर्जन 0.2 स्ट्रेटेजी और आर्किटेक्चर डॉक्यूमेंट्स की समीक्षा के लिए आयोजित की गई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 19 दिसंबर, 2025।** इंडिया एनर्जी स्टैक (आईईएस) टास्कफोर्स की दूसरी बैठक आज हुई, जिसमें टास्कफोर्स के सदस्यों के साथ-साथ बिजली मंत्रालय, रेगुलेटर, इंडस्ट्री, एकेडेमिया और अन्य मुख्य स्टेकहोल्डर्स के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

मीटिंग में आईईएस स्ट्रेटेजी और आर्किटेक्चर डॉक्यूमेंट्स के वर्जन 0.2 ड्राफ्ट की समीक्षा की गई, जिन्हें बिजली मंत्रालय द्वारा बुलाई गई पहली मीटिंग के दौरान दिए गए गाइडेंस के आधार पर डेवलप किया गया है। पिछली मीटिंग में, टास्कफोर्स ने आईईएस के विजन पर सहमति जताई थी कि यह पावर सेक्टर के लिए भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) होगा, जिसमें मॉड्यूलरिटी, इंटरऑपरेबिलिटी, स्टैंडर्ड-आधारित डिजाइन और असल दुनिया में लागू करने की क्षमता पर खास जोर दिया जाएगा।

स्ट्रेटेजी डॉक्यूमेंट का वर्जन 0.2, पूरे 'यूज़ केस पैकेज' के ज़रिए IES के डेवलपमेंट का प्रस्ताव देकर एग्जीक्यूशन पर फोकस को मज़बूत करता है। यह शुरुआती यूज़ केस को प्राथमिकता देने के लिए एक स्ट्रक्चर्ड रूब्रिक पेश करता है, पावर सेक्टर से संबंधित मौजूदा नेशनल डिजिटल प्लेटफॉर्म को मैप करता है, और एक मज़बूत डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क की रूपरेखा बताता है, जिसमें नेशनल पावर सेक्टर डेटा पॉलिसी के पीछे का तर्क भी शामिल है।

मीटिंग में टास्कफोर्स के चेयरमैन डॉ. राम सेवक शर्मा (पूर्व डायरेक्टर जनरल, IDAI; पूर्व सीईओ, नेशनल हेल्थ अथॉरिटी; पूर्व चेयरमैन, TRAI); श्री प्रदीप कुमार पुजारी (वाइस चेयर, डिस्टिंग्विश्ड फेलो, FSR ग्लोबल, पूर्व चेयरमैन CERC, पूर्व सेक्रेटरी पावर); श्री प्रमोद वर्मा (को-फाउंडर, FIDE; पूर्व चीफ आर्किटेक्ट, आधार); श्री आलोक कुमार (DG, AIDA); श्री जितेंद्र।

# युवा जैन मिलन (नेमिनाथ) ग्रेटर ग्वालियर शाखा की हुई मासिक बैठक सम्पन्न

युवा जैन मिलन 1 जनवरी 2026 से चलायेगी सदस्यता अभियान, महानगर के क्षेत्रों जोड़ेंगे सदस्य।

बैठक में निर्णय फरवरी माह में वार्षिक चुनाव युवा शाखा के सम्पन्न होंगे।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 सर्वे श्रेष्ठ शाखा युवा जैन मिलन नेमीनाथ शाखा की आज मासिक बैठक का आयोजन शाखा कार्यकारिणी सदस्य मोक्ष जैन के निज निवास सराफा बजार पर आयोजित की गई। बैठक का प्रारंभ महावीर वंदना के साथ हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया गया वहीं पिछले कार्यों पर समीक्षा की गई सदस्यों ने अपने अपने विचार आगामी कार्यों के लिए रखे। बैठक में आगामी भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमाक 2 व्दारा भिण्ड मे 21 दिसम्बर को महिला अधिवेशन में सहभागिता व धार्मिक यात्रा पर चर्चा की गई। वही शाखा के चुनाव पर चर्चा के साथ ही महानगर के विभिन्न स्थानों सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया।

बैठक के सामापन पर आतिथ्य करें वाले युवावीर मोक्ष जैन व उनके परिवार को शाखा पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। पंचुलटी पुरस्कार पुरस्कार के विजेता वीरांगना रचाना रही ।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन बताया कि बैठक में भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व शाखा संस्था अतिवीर रवि जैन क्षेत्रीय युवा संयोजक पारस जैन, बैठक में युवा शाखा के अध्यक्ष रिषभ जैन एवं सचिव कुणाल जैन, कोषाध्यक्ष युवावीर चिराग जैन ने मीटिंग सभी सदस्यों को अवगत कराया गया ।

**1 जनवरी 2026 से सदस्यता अभियान की होगी शुरूआत**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया युवा जैन मिलन नेमीनाथ शाखा 1 जनवरी से नवीन सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे। इस बार नवीन कपल जोड़े मेम्बर शिप के साथ जोड़ेंगे। जिसमें वर्षभर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे।

**ये सदस्य रहे मार्सिक बैठक में उपस्थित**

शाखा संस्थापक -रवि रूचि जैन, शाखा पूर्व अध्यक्ष पारस शिल्पी जैन, शाखा ऋषभ सलोनी जैन, शाखा उपाध्यक्ष तरुण रिया जैन व दीपांशु जैन शाखा सचिव कुणाल जैन शाखा सह सचिव अमित रचना जैन शाखा कोषाध्यक्ष चिराग जैन जीवाजी गंज व शाखा,प्रचार मंत्र मयंक जैन कार्यकारिणी सदस्य मोक्ष जैन ,ऋषभ जैन रविनगर ,संस्कार जैन आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

